# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका

अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर-2023



अंक-13 राजभवन, उत्तर प्रदेश



लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर, 2023 को राजभवन परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल जी।

अंक–13 राजभवन, उत्तर प्रदेश

# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका




## प्रेरणा स्रोत



**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर–2023

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विषय | पेज न. |
|---|---|---|
| 1. | मा. राष्ट्रपति एवं मा. प्रधानमंत्री जी के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता | 1–2 |
| 2. | राजभवन के कार्यक्रम | 3–32 |
| 3. | विद्यार्थियों का राजभवन भ्रमण | 33 |
| 4. | विभिन्न राज्यों का स्थापना दिवस | 34–35 |
| 5. | राजभवन में नवरात्र एवं गरबा महोत्सव | 36–37 |
| 6. | विश्वविद्यालय द्वारा नैक की तैयारियों का प्रस्तुतिकरण | 38–41 |
| 7. | एन.आई.आर.एफ. रैकिंग हेतु कार्यशाला | 42–45 |
| 8. | लखनऊ विश्वविद्यालय को श्रेणी–1 विश्वविद्यालय का दर्जा | 46 |
| 9. | नैक द्वारा उच्च ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को सम्मान | 47–49 |
| 10. | दीक्षान्त समारोह | 50–53 |
| 11. | राजभवन के ऑनलाइन कार्यक्रम | 54 |
| 12. | कुलपतियों की नियुक्तियां | 54 |
| 13. | जनपदीय भ्रमण | 55–92 |
| 14. | राज्य भ्रमण | 93–94 |
| 15. | इन्द्रधनुष | 95 |
| 16. | छायाचित्रों में राजभवन | 96–100 |
| 17. | समाचार पत्रों में राजभवन | 101–102 |


**"महिलाओं की समृद्धि से देश और दुनिया समृद्ध होती है। महिलाओं की आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक सशक्तीकरण समाज और देश के विकास को बल प्रदान करती है। महिला नेतृत्व समाज में समावेशिता तथा सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करता है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जहां राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति और नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी वहीं अधिक महिलाओं को नेतृत्व करने के लिए परिस्थितियां भी तैयार होगी।"**

**– श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# प्रधान सम्पादक की कलम से...

राजभवन उमंग त्रैमासिक पत्रिका अगस्त, सितम्बर तथा अक्टूबर 2023 का 13वां अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इस अंक को पूर्ववर्ती अंकों की भांति विविध कार्यक्रमों के मिश्रण से समाहित किया गया है।

प्रस्तुत अंक में राज्यपाल जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, राजभवन की विविध सामाजिक गतिविधियों में संलिप्तता, किसान मेला, विश्वविद्यालयों का दीक्षान्त समारोह, विश्वविद्यालयों के उच्च स्तरीय रैंकिंग प्राप्ति हेतु राज्यपाल जी की अध्यक्षता में तैयारी बैठक, विश्वविद्यालय की कार्यशालाओं में सहभागिता आदि को स्थान देकर पत्रिका को वैविध्यता प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इसके साथ–साथ राज्यपाल जी द्वारा विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर आंगनवाड़ी किटों का वितरण, जेल निरीक्षण, टी0बी0 मुक्त भारत के उद्‌देश्य को पूरा करने हेतु मरीजों को गोद लेना व पोषण पोटली का वितरण, निक्षय मित्रों का सम्मान जैसे आयोजन को पत्रिका में विशिष्ट स्थान दिया गया है।

इसी क्रम में 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को दर्शाते हुये राजभवन में मनाये गये राज्यों के स्थापना दिवसों को भी इस अंक में स्थान दिया गया है। इसके साथ–साथ नवरात्रि के अवसर पर गरबा महोत्सव तथा भारत की वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक उपलब्धियों का वर्णन करती चन्द्रयान मिशन व आदित्य मिशन की सफलता को भी इस अंक में स्थान दिया गया है।

आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा, स्वच्छता अभियान, रन फॉर यूनिटी, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती, सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के आयोजन कार्यक्रम के माध्यम से महापुरूषों के संदेश एवं सिद्धान्तों के प्रसार को भी इस अंक में स्थान दिया गया है। राजभवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन, तिरंगा रैली व विविध कलाकारों द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र गौरव को दर्शाती हुई अनुपम प्रस्तुति भी पत्रिका का विशेष आकर्षण बने हैं।

विभिन्न विद्यालयों से राजभवन भ्रमण हेतु आये बच्चों ने राज्यपाल जी से मुलाकात कर आर्शीवाद एवं प्रेरणा प्राप्त की। नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने के संदर्भ में राज्यपाल जी को बधाई आदि का समावेश पत्रिका का और भी सारगर्भित बनाता है।

आशा है कि यह अंक न सिर्फ लाभकारी एवं प्रेरक होगा बल्कि ज्ञानवर्द्धन में भी सहयोगी साबित होगा। इस पत्रिका को प्रासंगिक एवं उपयोगी बनाये रखने का पूरा प्रयास किया गया है। मैं आभारी हूँ श्री राम मनोहर त्रिपाठी–सहायक निदेशक, सूचना, राजभवन तथा उनकी पूरी टीम का जिनके अपेक्षित सहयोग से पत्रिका को स्वरूप दिया जा सका है।

**शुभकामनाओं सहित**

**डॉ. सुधीर एम. बोबडे**
**अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल**
**प्रधान सम्पादक**

## 'आयुष्मान भव:' अभियान का शुभारंभ

**राजभवन :13 सितम्बर, 2023**

❖ देश की माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में भारत की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी सेवा पहल 'आयुष्मान भव:' अभियान का नई दिल्ली से वर्चुअली शुभारंभ किया गया।





माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा 'आयुष्मान भव:' अभियान के शुभारंभ अवसर पर राजभवन से राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल वर्चुअली सहभाग करते हुए।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास

**राजभवन : 6 अगस्त, 2023**

❖ मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 25000 करोड़ रूपये की लागत से देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास। इसके अन्तर्गत 4,355 करोड़ रूपये की लागत से उत्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण का कार्य शामिल।



मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का वचुअली शिलान्यास करते हुए। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल राजभवन, लखनऊ से वर्चुअली उपस्थित।

# माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा गाजियाबाद से रैपिड रेल का उद्घाटन

**गाजियाबादः 20 अक्टूबर, 2023**

- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गाजियाबाद के साहिबाबाद रेलवे स्टेशन से 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली देश की पहली रैपिड रेल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी व अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया।
- इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर के आरआरटीएस कॉरिडोर का लोकार्पण भी किया गया। अब नई रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम रेलगाड़ियों को नमो भारत के नाम से जाना जाएगा।

साहिबाबाद (गाजियाबाद) से देश की पहली रैपिड रेल का उद्घाटन करते हुए मा0 प्रधानमंत्री जी, साथ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं अन्य।






प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जनपद गाजियाबाद में बेंगलुरु मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे के दो हिस्से राष्ट्र को समर्पित करते हुए, साथ में हैं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा अन्य।

मा0 प्रधानमंत्री जी साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर के आरआरटीएस कॉरिडोर का लोकार्पण करते हुए।



# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बना वर्ल्ड रिकार्ड

राजभवन :21 जून, 2023


❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों व सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों के **16,47,774** शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मियों द्वारा 21 जून, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिन में सर्वाधिक लोगों द्वारा योग करने का विश्व रिकार्ड राजभवन, लखनऊ द्वारा बनाया गया।




अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जल के अन्दर योगा करते हुए छात्र।



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगा करते हुए।




वर्ल्ड वाइड, बुक ऑफ रिकार्ड से प्राप्त रिकार्ड होल्डर।




वर्ल्ड वाइड, बुक ऑफ रिकार्ड से प्राप्त रिकार्ड होल्डर प्रमाण पत्र।

# बच्चों को भिक्षावृत्ति से विमुक्त करने हेतु विश्वविद्यालयों एवं संस्था 'उम्मीद' के साथ बैठक

**राजभवन : 06 अगस्त, 2023**




राज्यपाल जी राजभवन में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय स्वयं सेवी संस्था 'उम्मीद' के साथ बैठक कर बच्चों के भिक्षावृत्ति उन्मूलन पर चर्चा करते हुए।

**राजभवन : 07 अगस्त, 2023**



राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं स्वयं सेवी संस्था 'उम्मीद' के साथ संयुक्त बैठक करते हुए राज्यपाल जी।

> **''विश्वविद्यालय स्वयं सेवी संस्था "उम्मीद" के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय एवं अधीनस्थ महाविद्यालयों के समीप स्थित चौराहों पर भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों का भिक्षावृत्ति उन्मूलन कर उन्हें शिक्षा की ओर उन्मुख करें और अपने इस कार्य को विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन हेतु बेस्ट प्रैक्टिसेज से भी जोड़ें।''**
>
> **राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

## सावन माह के पावन अवसर पर राजभवन में सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम

**राजभवन : 14 अगस्त, 2023**



राजभवन में सावन माह के पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सहित राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने पूजा-अर्चना की।

## राजभवन स्थित शिव-दुर्गा मंदिर में श्री शनि देव की मूर्ति की स्थापना

**राजभवन : 22 सितम्बर, 2023**



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल राजभवन परिसर स्थित शिव- दुर्गा मंदिर मे श्री शनि देव की मूर्ति की स्थापना कर पूजा-अर्चना करते हुए।

# राजभवन में हर घर तिरंगा रैली

**राजभवनः 14 अगस्त, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजभवन से 'हर घर तिरंगा' रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- तिरंगा रैली में राजभवन स्थित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे, स्वयंसेवी संस्था उम्मीद के प्रयास से भिक्षावृत्ति त्याग कर शिक्षा से जुड़े बच्चे, राजभवन के अधिकारीगण, कर्मचारीगण व उनके परिवारजनों ने प्रतिभाग किया।




राज्यपाल जी राजभवन से हर घर तिरंगा रैली को झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए।



राजभवन से रवाना हर घर तिरंगा रैली

# राजभवन में स्वतंत्रता दिवस

**राजभवन : 15 अगस्त, 2023**



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण कर सलामी देती हुईं।



राजभवन में स्वतंत्रता दिवस झण्डारोहण कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सम्मानित अतिथियों को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत पंचप्रण की शपथ दिलाते हुए राज्यपाल जी।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में पौधारोपण

- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर स्थित 'नक्षत्र वाटिका' में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से स्थापित अमृत वाटिका में चंदन के 25 पौधों का रोपण।




राज्यपाल जी राजभवन परिसर स्थित नक्षत्र वाटिका में स्थापित अमृत वाटिका में चन्दन का पौधा रोपित करते हुए। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लखनऊ मण्डल, लखनऊ श्री शरद एस. चांडक एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित।



राजभवन में पौधारोपण के पश्चात् स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के अधिकारियों के साथ राज्यपाल जी।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में कार्यरत कर्मियों ने हर घर तिरंगा रैली निकाली



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन से 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली को झण्डा दिखाकर रवाना करते हुए।



राजभवन से रवाना तिरंगा रैली में राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी देश प्रेम के जोश और उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए।

## स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें सिक्किम तथा गुजरात के कलाकारों, 'उम्मीद' संस्था के बच्चों तथा राजभवन में अध्यासित परिवारों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।





सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए राज्यपाल जी एवं उपस्थित दर्शकगण।



राजभवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति देने वालों बच्चों के साथ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में बधाई कार्यक्रम



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में अल्पाहार कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथिगण।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद के सभापति कु0 मानवेंद्र सिंह, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर राज्यपाल जी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

# साहसपूर्ण कार्य करने वाले बच्चों का राज्यपाल द्वारा उत्साहवर्द्धन

**राजभवन : 18 अगस्त, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ स्थित कुड़िया घाट, गोमती नदी से नवजात को बचाने का साहसपूर्ण कार्य करने के लिए 10 वर्षीय तौसीफ पुत्र वारिस, 09 वर्षीय हसीब पुत्र रफीक, 07 वर्षीय जीशान पुत्र सूफियान तथा 10 वर्षीय गुफरान पुत्र वजीज को उनके अभिभावकों के साथ राजभवन में आमंत्रित कर स्कूल बैग, पठन-पाठन सामग्री, मिठाई, चॉकलेट तथा फुटवियर प्रदान कर सम्मानित किया।
- ❖ चारों बच्चों सहित क्षेत्र की सम्पूर्ण झोपड़पट्टी के बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने, 03 से 06 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र तथा 06 वर्ष से ऊपर के बच्चों का प्राथमिकता से स्कूल में एडमिशन कराने के साथ ही केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभ दिलाने के निर्देश।
- ❖ झोपड़पट्टी में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के आवश्यक टीकाकरण, गम्भीर रोगों की जांच सहित स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी जांचों और उचित चिकित्सा भी उपलब्ध कराने का निर्देश।
- ❖ सम्बन्धित सरकारी विभागों, गृह विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वप्रेरणा से जुड़े सेना में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की कमेटी बनाकर झोपड़पट्टी निवासियों के उत्थान हेतु कार्ययोजना बनाई जाए।



राज्यपाल जी गोमती नदी से नवजात को बचाने वाले चारों बच्चों एवं उनके अभिभावकों से राजभवन में मुलाकात कर उन्हें मिल रहे सरकारी योजनाओं से अवगत होते हुए।



लखनऊ में गोमती नदी से नवजात को बचाने वाले चारों बच्चों को स्कूल बैग, पठन-पाठन सामग्री, मिठाई, चॉकलेट तथा फुटवियर प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।

राजभवन 18 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल राजभवन में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन, स्वयं सेवी संस्था उम्मीद व अधिकारियों के साथ बैठक कर झुग्गी झोपड़ी के बच्चों हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण व अन्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश देते हुए।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती महालक्ष्मी सुब्रमणि ने शिष्टाचार भेंटकर उन्हें "वीर नारी के लिए सभी पूर्व अनुदान व कल्याणकारी योजनाओं का संकलन" पुस्तक व वीर नारियों द्वारा निर्मित सामग्रियाँ भेंट की।

# राजभवन में कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**लखनऊ : 21 अगस्त, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन में अध्यासितों तथा कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों तथा उनके बच्चों के लिए 'CCC' कम्प्यूटर कोर्स के प्रशिक्षण का शुभारम्भ।



राज्यपाल जी कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुभारम्भ के अवसर पर विद्यार्थियों को कम्प्यूटर ज्ञान हासिल करने के लिए प्रेरित करते हुए।

# विभिन्न जनपदों के उत्पाद व परंपरागत कला/क्राफ्ट्स के डिस्पले हेतु प्रस्तुतीकरण की समीक्षा

**राजभवन : 26 अगस्त, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा विभिन्न जनपदों के 'एक जनपद-एक उत्पाद' व परंपरागत कला/क्राफ्ट्स को राजभवन में डिस्प्ले करने हेतु तैयार प्रस्तुतीकरण की समीक्षा।

❖ प्रदेश के सभी जनपदों के 'एक जनपद-एक उत्पाद' के तहत उत्पाद सामग्रियों तथा परंपरागत कला व क्राफ्ट को प्रोत्साहित किए जाने हेतु राजभवन के विभिन्न कक्षों में इनका प्रदर्शन करने के निर्देश।

❖ परंपरागत क्राफ्ट/कला निर्माण के वीडियो भी बनाए जाएं और प्रदर्शन में उसे भी दर्शाएँ।

❖ लकड़ी, पत्थर, टेक्सटाइल, लेदर से संबंधित विभिन्न परंपरागत उत्पाद सामग्रियों का प्रदर्शन किए जाए।



# राजभवन कर्मियों के बच्चों द्वारा जिला कारागार का शैक्षणिक भ्रमण

**राजभवन : 30 अगस्त, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में अध्यासित परिवारों के 16 बालिकाओं एवं 14 बालकों को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जनपद लखनऊ स्थित जिला कारागार का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।
- कारागार भ्रमण के दौरान बच्चों ने कैदियों को राखी बांधी तथा उनसे संवाद स्थापित किया। भ्रमण पर गये बच्चों ने कारागार की बैरकों तथा कैदियों के लिये बनाये जा रहे भोजन की व्यवस्था को भी देखा।








राजभवन में अध्यासित कर्मियों के बच्चे जिला कारागार के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कैदियों को राखी बांधते हुए।

# राजभवन में रक्षाबंधन

**राजभवन 31 अगस्त, 2023**

- ❖ रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डा0 सुधीर महादेव बोबडे सहित राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व उनके 32 बच्चों, उम्मीद संस्था के 15 बच्चों व 7 पदाधिकारियों, सन्त विनोबा आश्रम वरतारा, शाहजहांपुर की विमला बहन व रमेश भईया को राखी बांधी।
- ❖ परम शक्ति पीठ वात्सल्य ग्राम वृंदावन, मथुरा की 35 बेटियों व 6 स्वयं सेवकों, प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लखनऊ की ब्रह्म कुमारी राधा बहन व 5 अन्य ब्रह्म कुमारी, साक्षी फाउण्डेशन कानपुर की सुश्री साक्षी विद्यार्थी, सुश्री गीता विद्यार्थी एवं कैप्टन एस0सी0 विद्यार्थी ने मुलाकात की और राज्यपाल जी को राखी बांधी।
- ❖ इस अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा सभी बच्चों को पठन-पाठन सामग्री व मिष्ठान का वितरण।

राज्यपाल जी प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र को राखी बांधते हुए।





राज्यपाल जी को राखी बांधते हुए अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डा0 सुधीर महादेव बोबडे।

















राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी लोगों को राखी बांधते हुए।

# उ0प्र0 पुलिस आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ प्रबंध समिति की बैठक

**राजभवन: 8 सितम्बर, 2023**

- ❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ की प्रबंध समिति की 40वीं बैठक सम्पन्न।
- ❖ उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज के स्वर्गीय कर्मियों के 9 आश्रित लाभार्थीगणों में प्रत्येक को तीन लाख रूपये की टर्म डिपाजिट रसीद का वितरण।

राज्यपाल जी राजभवन में उ0प्र0 पुलिस आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ प्रबंध समिति की बैठक करते हुए।





राज्यपाल जी उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज के स्वर्गीय कर्मी के आश्रित को तीन लाख रूपये की टर्म डिपाजिट रसीद प्रदान करते हुए।

- ❖ बैठक में 12 मदों पर चर्चा की गयी, जिनमें समिति के वित्तीय विवरण, आय-व्ययक लेखा का अनुमोदन, सहायता के लिए लाभार्थियों को हुए भुगतान का विवरण, आश्रितों के बच्चों के लिए साइकिल, लैपटॉप/टैबलेट हेतु प्रस्ताव का विवरण आदि प्रमुख रूप से शामिल।
- ❖ संस्थान द्वारा प्रदत्त सहायता के अतिरिक्त विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी लाभार्थियों को जागरूक करने व उन योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश। आवास संबंधी आवेदनों की सूची तैयार कर उसके निस्तारण के भी निर्देश।
- ❖ प्रदेश के सभी थानों एवं पुलिस कार्यालयों पर कल्याणकारी योजनाओं की पट्टिकाएं लगाये जाने व उसकी मॉनीटरिंग किये जाने के निर्देश।
- ❖ उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्सेज के स्वर्गीय कर्मियों के आश्रित लाभार्थीगणों के डाटाबेस तैयार कर उनका रिकार्ड रखने, शिकायतों का चार्ट बनाने व समयबद्ध तथा समुचित निस्तारण का निर्देश।

# राजभवन में आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ

**राजभवन : 17 सितम्बर, 2023**

- 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2023 तक चलने वाले आयुष्मान भव: सेवा पखवाड़ा के शुभारम्भ के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में विविध कार्यक्रम का आयोजन।
- देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 73वें जन्मदिवस के अवसर पर राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने **38** क्षय रोगी तथा प्रदेश के नौ विश्वविद्यालयों ने चार-चार क्षय रोगी गोद लेकर कुल **73** क्षय रोगियों को पोषण किट का वितरण।
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले **10** निक्षय मित्रों, **10** जिला क्षय रोग अधिकारियों तथा **04** स्वैच्छिक अंगदान हेतु पंजीकरण कराने वालों को सम्मान।



राज्यपाल जी टी0बी0 पेशेंट को पोषण पोटली प्रदान करते हुए।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल स्वैच्छिक अंगदान हेतु पंजीयनकर्ता को सम्मानित करते हुए।



उत्कृष्ट कार्य करने वाले निक्षय मित्र को सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।


# प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ग्रेडिंग में रैंकिंग उन्नयन : एक दिवसीय परिसंवाद कार्यशाला

**राजभवन : 14 सितम्बर, 2023**

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की नैक ग्रेडिंग, एन.आई.आर.एफ., क्यू.एस. एशिया एवं वर्ल्ड रैंकिंग में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करने के उद्देश्य से 'रैंकिंग उन्नयन : एक दिवसीय परिसंवाद' कार्यशाला पाँच सत्रों में सम्पन्न, जिसमें राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, आई0क्यू0 प्रभारी तथा विशेषज्ञ शामिल हुए।

❖ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नैक, एन.आई.आर.एफ. के पैरामीटर्स पर उत्कृष्ट ग्रेड के लिए क्राइटेरिया वाइज सुधार हेतु आवश्यक जानकारियों जैसे रैंकिंग के लिए दाखिल किए जाने वाले डेटा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, रैंकिंग में परसेप्शन के महत्व, पैरामीटर्स के अंतर्गत डेटा वैरिफिकेशन, डेटा प्रस्तुतिकरण, वैल्यूशन की प्रक्रिया, डेटा दाखिल करने में होने वाली त्रुटियाँ, भ्रामक उल्लेखों के नकारात्मक प्रभाव जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा।

❖ कार्यशाला विशेषज्ञ के तौर पर चेयरमैन ई.सी., नैक तथा एन.बी.ए., नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो0 अनिल सहस्रबुद्धे तथा चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय के उपकुलपति एवं डीन तथा उपक्रम के पदाधिकारी प्रो0 संजीत सिंह ने विश्वविद्यालयों को नैक व एनआईआरएफ की उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त करने के सन्दर्भ में अपने बहुमूल्य सुझाव दिये।






राजभवन में आयोजित कार्यशाला में उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार पर विचार व्यक्त करते हुए राज्यपाल जी।



राज्य विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ग्रेडिंग में सुधार हेतु 'रैंकिंग उन्नयन परिसंवाद' कार्यशाला में आये विशेषज्ञ एवं कुलपति विचार व्यक्त करते हुए।

**''हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम ऐसे युवा तैयार करें, जो नए भारत को सुदृढ़ करने में सहयोग करें, विश्वस्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करें। देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक सुदृढ़ राज्य के रूप में जाना जाए, इसके लिए हमें अपने विद्यार्थियों और युवाओं को परिपक्व करना होगा।**

**उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान बनाने, गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने तथा विश्वविद्यालयों द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग प्राप्त करने हेतु राजभवन से विशेष प्रयास किये गये, जिसके सार्थक परिणाम सामने आये हैं।**

**नैक एवं एन0आई0आर0एफ0 के लिये जो मानक निर्धारित किये गये हैं। वे एक समान रूप से सभी विश्वविद्यालयों पर लागू नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय की विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित मानकों में किस प्रकार से तालमेल बैठाया जाए। इस पर विशेष रूप से विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।**

**एन.आई.आर.एफ. के ग्रेडिंग हेतु विश्वविद्यालयों में आपसी तालमेल, साझेदारी, शैक्षणिक भागीदारी अपनी उत्कृष्ट सुविधाओं को साझा करने, शोध नवाचारों को अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के अनुरूप करने की आवश्यकता है।**

**अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में पड़ोसी देशों के विश्वविद्यालयों को प्राथमिकता से जोड़ें। हमारे शैक्षिक संस्थानों में पोटेंशियल है, बस जरूरत है उन्हें प्रोत्साहित करने की। हमें अपने विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय रैंकिंग सूची में शामिल करने के लिए ठोस प्रयास करना होगा, ताकि युवाओं का शैक्षिक पलायन रोका जा सके।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ और रूस के मिनिन विश्वविद्यालय के मध्य एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित

- ❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा, कुशल मार्गदर्शन तथा गरिमामयी उपस्थिति में राजभवन में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ और रूस की मिनिन निज़नी नोवगोरोड स्टेट पेडागोगिकल यूनिवर्सिटी के मध्य एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित।
- ❖ इस एम0ओ0यू0 के तहत रूस के मिनिन विश्वविद्यालय द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में रसियन अध्ययन केंद्र की स्थापना, जिसमें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 250 छात्रों को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में बुनियादी रूसी भाषा, रूस की संस्कृति आदि की शिक्षा निःशुल्क ज्ञान प्रदान करेगा।




राज्यपाल जी की उपस्थिति में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला तथा मिनिन विश्वविद्यालय, रूस के रेक्टर प्रो0 विक्टर ब्लादि मीरो वीच स्दविन कोव शैक्षिक उन्नयन हेतु एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित करते हुए।

> **''यह एम0ओ0यू0 राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य गुणवत्ता परक शोध, अध्ययन तथा शिक्षकों का आदान प्रदान हो सकेगा, जिसका लाभ राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों को भी प्राप्त होगा।''**
>
> **राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

## राज्यपाल जी की सूर्य मिशन के सफल लॉचिंग पर बधाई

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 2 सितम्बर, 2023 को सूर्य के अध्ययन हेतु भारत के पहले अंतरिक्ष आधारित सौर मिशन आदित्य एल- 1 की आंध्रप्रदेश के श्री हरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से सफल लॉचिंग के लिए समस्त देशवासियों और इसरो के वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि यह समस्त देशवासियों के लिए अभूतपूर्व प्रसन्नता और गौरव का क्षण है।



राज्यपाल जी सौर मिशन आदित्य एल-1 के सफलतापूर्वक लांचिंग के सजीव प्रसारण को देखते हुए।

## नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने पर बधाई

**राजभवन : 23 सितम्बर, 2023**



21 सितम्बर, 2023 को नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने पर राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राज्यपाल जी को बधाई दी

# राजभवन में स्वच्छता अभियान

**राजभवन : 01 अक्टूबर, 2023**

- गाँधी जयंती के एक दिन पूर्व प्रातः 10 बजे से एक घंटे सफाई अभियान में श्रम दान करके महात्मा गाँधी जी को स्वच्छांजलि देने की माननीय प्रधानमंत्री जी की अपील पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें राज्यपाल जी के साथ राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर चिन्हित स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाया।







राज्यपाल जी की प्रेरणा से स्वच्छता अभियान में योगदान देते हुए राजभवन के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण।

# राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**राजभवन : 02 अक्टूबर, 2023**



राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती के अवसर पर राजभवन में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए राज्यपाल जी।



राज्यपाल जी राजभवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।



राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा प्राप्त कर देश की प्रगति में योगदान देने हेतु प्रेरित करते हुए राज्यपाल जी।

# राजभवन परिसर में नवनिर्मित बोसाईं गार्डन का लोकार्पण

**राजभवन : 2 अक्टूबर, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन परिसर में नवनिर्मित बोसाईं गार्डन का लोकार्पण व निरीक्षण।
- ❖ बोसाईं गार्डन में विविध कैक्टस प्लांट्स लगाये जाने तथा राजभवन भ्रमण पर आने वाले आगंतुकों हेतु बोसाईं गार्डन खोले रखने के निर्देश।




राजभवन परिसर में नवनिर्मित बोसाईं गार्डन का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल जी।



राज्यपाल जी राजभवन परिसर में नवनिर्मित बोसाईं गार्डन का अवलोकन करते हुए।

# राजभवन स्थित कर्मयोगी भवन में नव निर्मित किचन का उद्घाटन

**राजभवन : 15 अक्टूबर, 2023**




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल राजभवन स्थित कर्मयोगी भवन में नव निर्मित किचन का उद्घाटन करते हुए।



राजभवन स्थित कर्मयोगी भवन में नव निर्मित किचन का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

# फिल्म 'लकीरें' का ट्रेलर लॉन्च

**राजभवन : 19 अक्टूबर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 03 नवम्बर, 2023 को रिलीज होने वाली फिल्म 'लकीरें ए पावर टेल ऑफ जस्टिस एण्ड मैरिटल रेप का राजभवन में ट्रेलर लॉन्च किया और ट्रेलर का अवलोकन भी किया।
- यह फिल्म सामाजिक विरूपताओं को उकेरने वाली है। मैरिटल रेप जैसे भयावह विषय पर बनी यह फिल्म विवाह के दायरे में सहमति और घरेलू हिंसा की जटिलताओं को प्रस्तुत कर रही है और सामाजिक बदलाव का आह्वान करती है।



राज्यपाल जी फिल्म 'लकीरें' का ट्रेलर लॉन्च करते हुए।



फिल्म लकीरें के राजभवन में ट्रेलर लान्चिंग के अवसर पर फिल्म यूनिट के सदस्यों के साथ राज्यपाल जी।

# राष्ट्रपति जी द्वारा पुरूस्कृत राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों की राज्यपाल जी से शिष्टाचार भेंट

**राजभवन : 26 अक्टूबर, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार विजेताओं एवं गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली में प्रतिभागी दल के सदस्यों ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा की कुलपति प्रो0 आशुरानी, भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय योजना के क्षेत्रीय निदेशक, श्री ए0एस0 कबीर के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की पुरस्कार प्राप्त राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना में मा0 राष्ट्रपति जी से वर्ष 2021-22 में सम्मानित 04 सदस्य तथा 2022-2023 में सम्मानित 03 सदस्य सहित 22 विद्यार्थी शामिल।



राज्यपाल जी एन0एस0एस0 के विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन कर उन्हें जीवन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित करते हुए।

> **''विद्यार्थी गाँवों और मलिन बस्तियों में कार्य करने जाएं, वहाँ ऐसे कार्य करें, जो उस गाँव में परिवर्तन ला दे और अकेले हो तब भी ये अभियान चलाएं, आपके साथ और लोग भी जुड़ जाएंगे। ''**
>
> **राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राजभवन से 'रन फॉर यूनिटी' रैली रवाना

**राजभवन: 31 अक्टूबर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राजभवन परिसर में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।
- राज्यपाल जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर राजभवन के बड़े लॉन से "रन फॉर यूनिटी" रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो राजभवन गेट नंबर 02, हजरतगंज होते हुए, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा से बापू भवन चौराहा होते हुए राजभवन गेट नंबर 08 से प्रवेश कर राजभवन परिसर में संपन्न हुई।
- एकता दौड़ में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डा0 सुधीर महादेव बोबडे, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय, ए0के0टी0यू0 के कुलपति प्रो0 जे0 पी0 पांडेय, राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासितगण, विश्वविद्यालय के अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं व राजभवन स्कूल के बच्चों ने बड़ी संख्या में उत्साह और देशप्रेम के उद्घोष के साथ प्रतिभाग किया।



लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राजभवन परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल जी।



सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर आयोजित "रन फॉर यूनिटी" रैली को राजभवन से रवाना करते हुए राज्यपाल जी।



"रन फॉर यूनिटी" रैली में सहभाग करते हुए प्रतिभगी।

# विद्यालय के बच्चों का राजभवन भ्रमण

❖ माइलस्टोन ग्लोबल स्कूल गोपरामऊ, काकोरी, लखनऊ के कक्षा एक से छह तक के **113** बच्चों ने दिनांक 10 अक्टूबर, 2023 को राजभवन का भ्रमण किया।

❖ कैलाशपति पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थनगर के कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के **60** बच्चों ने दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को राजभवन का भ्रमण किया।

❖ विद्यार्थियों ने राजभवन का भ्रमण कर संग्रहालय, जनकक्ष, अन्नपूर्णा कक्ष, गांधी सभागार, हेलीपैड, गौशाला, बोनसाई गार्डन, चिड़ियाघर, कमलताल, बारादरी, धन्वंतरि वाटिका, उद्यान, पंचतंत्र तथा पुस्तकालय आदि को देखा और जानकारी प्राप्त की।





माइलस्टोन ग्लोबल स्कूल गोपरामऊ, काकोरी, लखनऊ के बच्चे राजभवन में धनवंतरि वाटिका एवं पंचतत्र वाटिका का भ्रमण करते हुए। (10 अक्टूबर, 2023)



कैलाशपति पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थनगर के बच्चे राजभवन कैम्पस का भ्रमण करते हुए। (12 अक्टूबर, 2023)



कैलाशपति पब्लिक स्कूल, सिद्धार्थनगर के बच्चों से भ्रमण के अनुभवों की जानकारी लेते हुए राज्यपाल जी।

# केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख का स्थापना दिवस समारोह

**राजभवन 31 अक्टूबर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत' योजनांतर्गत केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन। इस अवसर पर लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर के प्रतिनिधि द्वारा राज्यपाल को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट की गई।
- समारोह में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति विभाग, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा लद्दाख व जम्मू कश्मीर के कलाकारों द्वारा लोकगीत व लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां।
- कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख पर निर्मित डाक्यूमेटी के माध्यम से राज्यों के सांस्कृतिक विविधता, संस्कृति, खानपान, वेशभूषा आदि का प्रदर्शन।
- संस्कृति विभाग द्वारा जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के पर्यावरण, संस्कृति, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पाद व विविध विषयों पर राजभवन में लगायी गयी प्रदर्शनी एवं रंगोली का अवलोकन।



केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के स्थापना दिवस समारोह में शैक्षणिक संस्थानों, पर्वों, नृत्य एवं संगीत, शिल्प पर्यटक स्थलों, कृषि और पर्यावरण जैसी विशेषताओं पर अपने विचार रखते हुए राज्यपाल जी।



लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर के प्रतिनिधि राज्यपाल जी को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट करते





जम्मू-कश्मीर व लद्दाख स्थापना दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध लोकनृत्यों की मनोरम प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए राज्यपाल जी।

# स्थापना दिवस की झलकियां








## राजभवन में नवरात्रि पर गरबा महोत्सव का आयोजन

**राजभवन : 15–23 अक्टूबर, 2023**

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने नवरात्रि के नौ दिवसीय पावन पर्व 15 से 23 अक्टूबर, 2023 के अवसर पर राजभवन में माता की चौकी तथा माँ दुर्गा की मूर्ति की स्थापना कर दुर्गा पूजा एवं गरबा महोत्सव का शुभारम्भ किया।
- दुर्गा पूजा एवं गरबा महोत्सव में देश के पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द, राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सहित मंत्रीगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण व राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के अलावा लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमंत्रितजनों ने गरबा में प्रतिभागिता एवं मातृ शक्ति की आराधना की।
- गरबा महोत्सव में आराधकों द्वारा मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा रचित गरबा गीत, गुजरात के लोकगीत सनेडो आदि पर गरबा नृत्य की उत्साहपूर्ण प्रस्तुति की गई।





राजभवन में नवरात्रि के अवसर पर कार्यक्रम में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना करते हुए राज्यपाल जी एवं पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द जी।



बच्चों के साथ मां दुर्गा की पूजा–अर्चना करते हुए राज्यपाल जी



मां दुर्गा की पूजा–अर्चना करते हुए श्रद्धालुगण।





राजभवन में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर राज्यपाल जी एवं गणमान्यों की उपस्थिति में गरबा नृत्य करते भक्तगण।



उम्मीद संस्था के बच्चों को उपहार भेंट करते हुए राज्यपाल जी।

# विश्वविद्यालयों की नैक मूल्यांकन हेतु तैयारियों की समीक्षा

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों द्वारा नैक मूल्यांकन हेतु प्रत्येक क्राइटेरिया में अंतर्निहित बिन्दुओं पर की गयी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा।

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | जननायक चंद्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय, बलिया | 04 अगस्त, 2023 |
| 2. | सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी | 08 अगस्त, 2023 |
| 3. | संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | 09 अगस्त, 2023 |
| 4. | डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | 10 अगस्त, 2023 |
| 5. | संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस, लखनऊ | 27 अक्टूबर, 2023 |




जननायक चंद्रशेखर आजाद विश्वविद्यालय, बलिया के नैक मूल्यांकन हेतु तैयारियों की राजभवन में समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी।

❖ प्रस्तुतिकरण को सभी मानकों पर बिंदुवार सशक्त बनाने और उच्चतम ग्रेड के लिए सभी आवश्यक सुधार कराने का निर्देश।

❖ प्रस्तुतिकरण के सभी बिंदुओं को एक जैसे फार्मेट पर प्रस्तुत करने पर बल।

❖ भाषा कोर्सेस के साथ अनुवाद और शार्ट हैण्ड जैसे प्रोफेशनल कोर्स भी जोड़ें।




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के नैक मूल्यांकन हेतु तैयारियों की समीक्षा करते हुए।




संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के नैक मूल्यांकन हेतु तैयारियों की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी।

- विश्वविद्यालय अपने यहाँ लैंगिक समानता की स्थापना को विशेष रूप से दर्शाएं और ट्रांसजेंडर्स के लिए विविध शैक्षिक गतिविधियाँ भी प्रारम्भ करें।
- एम0ओ0यू0 के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों को बड़ी संख्या में सम्पादित कराकर विश्वविद्यालय की क्षमता विस्तार करने के निर्देश।
- विश्वविद्यालय के शिक्षक भी भारत को टी0बी0 मुक्त करने के अभियान से जुड़ें और स्वयं 'निक्षय मित्र' बनने का आह्वान।
- पुस्तकालय की ई–क्षमता में वृद्धि करने, ई–पुस्तकालय उपयोग की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान करने, विद्यार्थियों को शत्–प्रतिशत ई–पुस्तकालय उपयोग करने तथा ग्रामीण स्कूलों के बच्चों तक भी पुस्तकालय की सुविधा की उपलब्धता के साथ ही पुस्तकालय हेतु नवीन और उपयोगी पुस्तकों की खरीद प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने पर जोर।
- ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास कार्यों से महिलाओं में आयी आत्मनिर्भरता के विवरण प्रस्तुतिकरण में जोड़ने के निर्देश।
- विश्वविद्यालय में उपलब्ध पांडुलिपियों को शोध छात्रों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।
- विश्वविद्यालय ऐसे कोर्सेज पर भी ध्यान दे, जो विद्यार्थियों को आर्थिक उपार्जन में सहायक हों।
- विश्वविद्यालय स्तर पर सुधार करते हुए शिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ मेंटोर मेंटी सम्बन्धों को मजबूत बनाएं और प्रति सप्ताह अपने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक बैठक कर सामूहिक वार्ता करें, उनकी समस्याओं, जिज्ञासाओं को जानकर समाधान भी करें।
- विद्यार्थियों को ग्रामीण स्कूलों के बच्चों को भारतीय रीति–रिवाजों, परम्पराओं, अनुष्ठानों का ज्ञान कराने के कार्य से जोड़ें।
- विद्यार्थियों के अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण, उनके प्लेसमेंट का विवरण प्रस्तुतिकरण में जोड़ने के निर्देश।
- नैक मानकों के अनुसार गुणवत्ता युक्त सुधार कराकर सुदृढ़ प्रस्तुतिकरण के साथ एस0एस0आर0 बनाने पर जोर।
- विद्यार्थियों को नैक ग्रेडिंग के बारे में जानकारी देकर उन्हें भी इससे जोड़ें और उनके सुझावों पर उपयुक्त कार्य भी करें।
- विश्वविद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों द्वारा जो अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के कार्य किए गए हैं जैसे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए हों, उनका प्रमाण के साथ उचित ढंग से प्रस्तुतीकरण में प्रदर्शन।
- विश्वविद्यालय परिसर के समीपस्थ स्लम बस्तियों के बच्चों के उत्थान तथा समीपस्थ गाँव गोद लेकर ग्रामीणों की सुविधा–विस्तार तथा स्कूलों में सुधार कार्य करके बेस्ट प्रैक्टिस का दायरा बढ़ाने पर बल।
- विश्वविद्यालय की नैक टीम प्रतिबद्धता के साथ अपने प्रस्तुतिकरण के प्रत्येक बिंदु में सुधार करें। विश्वविद्यालय स्तर पर नैक मानकों के अनुसार गुणवत्ता युक्त सुधार कराकर सुदृढ़ प्रस्तुतिकरण के साथ एस0एस0आर0 बनाएं और उच्चतम ग्रेडिंग के लिए प्रयास करें।

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बंगलौर (NAAC) द्वारा मूल्यांकन के परिणामस्वरूप उच्च ग्रेडिंग प्राप्त उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | नैक द्वारा प्रदत्त श्रेणी | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | ए++ | 26 जुलाई, 2022 |
| 2. | दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर | ए++ | 17 जनवरी, 2023 |
| 3. | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ | ए++ | 10 मार्च, 2023 |
| 4. | महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली | ए++ | 24 जून, 2023 |
| 5. | छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर | ए++ | 25 नवम्बर, 2023 |
| 6. | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ | ए+ | 7 फरवरी, 2023 |
| 7. | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर | ए+ | 10 जून, 2023 |
| 8. | मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर | ए | 14 जून, 2022 |

**उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की नैक में उच्च ग्रेडिंग प्राप्ति हेतु राजभवन में निरंतर समीक्षा बैठकें व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है। इस क्रम में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी की नैक पियर टीम विजिट माह दिसम्बर में निर्धारित की गयी है।**

# N.I.R.F. (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) रैंकिंग हेतु कार्यशाला

❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों की 'नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क' (एन0आई0आर0एफ0) रैंकिंग हेतु कार्यशाला सम्पन्न।

❖ विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति और रैंकिंग में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकने की सभी सम्भावनाओं पर विस्तार से विश्लेषण।

| क्र0सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | बैठक का दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली | 06 अगस्त, 2023 |
| 2 | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | 07 अगस्त, 2023 |
| 3 | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ | 22 अगस्त, 2023 |
| 4 | छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर | 22 अगस्त, 2023 |
| 5 | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर | 24 अगस्त, 2023 |
| 6 | मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | 24 अगस्त, 2023 |




महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली की एन0आई0आर0एफ0 में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करने हेतु बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल जी।




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की एन.आई.आर.एफ. तथा क्यू.एस. विश्व रैंकिंग में उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए।




राज्यपाल जी राजभवन में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की 'नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क' (एन.आई.आर.एफ.) हेतु प्रस्तुतिकरण की समीक्षा करते हुए।

- उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए विश्वविद्यालयों में आपसी तालमेल और परस्पर साझेदारी आवश्यक।

- विश्वविद्यालय अपनी फैकल्टी की क्षमता सम्वर्द्धन के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक सम्बन्ध तथा विद्यार्थियों की भागीदारी को भी सुदृढ़ करें।

- नैक में ग्रेड प्राप्त संस्थान एन0आई0आर0एफ0 में भी ग्रेडिंग के मानदण्डों के अनुरूप कमियों को दूर कर प्रतिबद्धता के साथ बेहतर रैंकिंग के लिए प्रयास करें।

- उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों को आपसी तालमेल बढ़ाने, अपनी उत्कृष्ट सुविधाओं को साझा करने, शोध एवं नवाचारों को एन.आई.आर.एफ. और क्यू.एस. वर्ल्ड रैंकिंग के अनुरूप करने के निर्देश।

- 'उपक्रम' (उत्तर प्रदेश कैडर फॉर रैंकिंग एक्रीडेशन मेंटरशिप) में जुड़े सभी 11 विश्वविद्यालयों को आपसी साझेदारी बढ़ाने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य करने पर चर्चा।

- उपक्रम विश्वविद्यालयों की एन0आई0आर0एफ0 एवं क्यू0एस0 वर्ल्ड रैंकिंग की तैयारी के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश देकर आवेदन कराने की दिशा में कार्य करे।

- प्रदेश के विश्वविद्यालयों की उत्कृष्ट एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग के लिए 'उपक्रम' अपने कार्यों की प्रति 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश।

- विश्वविद्यालयों के कुलपति संयुक्त योजना बनाएं और साझेदारी के साथ कार्य करते हुए कम समय में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए ध्यान केन्द्रित करें।

- विश्वविद्यालयों में चल रही विदेशी शिक्षकों की ऑनलाइन कक्षाओं से प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों को भी जोड़ने पर जोर।

- विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सहयोग के आदान-प्रदान की प्रक्रिया में पड़ोसी देशों के विश्वविद्यालयों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्राथमिकता से जोड़ें।

# एन0आई0आर0एफ0 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन

- उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों की नैक, एन0आई0आर0एफ0 तथा अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग हेतु सुधार के लिए राजभवन में निरंतर समीक्षा बैठकें, कार्यशालाएं एवं ''उपक्रम'' (उत्तर प्रदेश कैडर फॉर रैंकिंग एक्रीडेशन मेंटरशिप) की स्थापना और दिशा-निर्देश प्रदान करने का क्रम जारी है, जिसके सुखद और अपेक्षित परिणाम भी मिल रहे हैं।

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन0आई0आर0एफ0)-2023 के घोषित परिणाम में उत्तर प्रदेश के 06 विश्वविद्यालयों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

- सभी राज्य विश्वविद्यालयों और दो राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को पहली बार एन0आई0आर0एफ0 में जगह मिली है और विभिन्न मेट्रिक्स और गुणवत्ता मानकों में समग्र सुधार हुआ है।

    - संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ ने मेडिकल श्रेणी में 69.62 के स्कोर के साथ 7वां स्थान हासिल किया है।

    - किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने मेडिकल और यूनिवर्सिटी दोनों श्रेणियों में स्थान हासिल किया है। इसने मेडिकल श्रेणी में 63.93 के स्कोर के साथ 12वीं रैंक, विश्वविद्यालय श्रेणी में 50.63 के स्कोर के साथ 45वीं रैंक और ओवरऑल रैंक में 48.52 के स्कोर के साथ 77वीं रैंक हासिल की।

    - चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, कानपुर ने 43.87 के स्कोर के साथ 30वीं रैंक हासिल की है।

    - आचार्य नरेंद्र देव यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, कुमारगंज, अयोध्या ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 43.13 के स्कोर के साथ 35वीं रैंक हासिल की है। NIRF 2023 में पहली बार इन दोनों कृषि विश्वविद्यालयों ने आवेदन किया।

    - फार्मेसी श्रेणी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी ने सूची में 41.71 के स्कोर के साथ 83वीं रैंक हासिल की है।

    - NIRF 2023 रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय को NIRF 2022 रैंकिंग में 150-200 ब्रैकेट की तुलना में 101-150 ब्रैकेट में स्थान दिया गया था। पिछले वर्षों की एनआईआरएफ रैंकिंग की तुलना में एनआईआरएफ 2023 रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय की रैंक में काफी सुधार हुआ है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय को श्रेणी–1 विश्वविद्यालय का दर्जा

**लखनऊ: 29 नवम्बर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा किए गए मूल्यांकन में एकेडमिक ऑटोनॉमी में ग्रेड–1 विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने पर हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी।
- ज्ञातव्य है कि नैक मूल्यांकन में 'ए++' ग्रेड हासिल करने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की यह एक और बड़ी उपलब्धि है।
- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों की निरंतर समीक्षा बैठकों, कार्यशालाओं तथा व्यापक दिशा–निर्देश के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय प्रगति की दिशा में अग्रसर हैं।

**श्रेणी–1 विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होने से लाभ**

- कैटिगरी 1 यूनिवर्सिटी का दर्जा प्राप्त होने से लखनऊ विश्वविद्यालय को एकेडमिक तथा एडमिनिस्ट्रेटिव ऑटोनॉमी प्राप्त होगी।
- अपना करिकुलम डिजाइन कर सकेंगे, नए कोर्सेज शुरू कर सकेंगे, फॉरेन फैकेल्टी अप्वॉइंट कर सकेंगे, यूजीसी की विविध ग्रांट भी विश्वविद्यालय को मिल सकेगी।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुमति के बिना विश्वविद्यालय ऑफ कैंपस शुरू कर सकेगा, फॉरेन कोलैबोरेशन, विविध डिप्लोमा कोर्स तथा स्किल बेस्ड प्रोग्राम भी शुरू कर सकेगा।
- रिसर्च पार्क इनक्यूबेशन सेंटर्स स्थापित कर सकेगा इसमें कहीं भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुमति की आवश्यकता नहीं रहेगी।
- सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि विश्वविद्यालय ओपन डिस्टेंस काउंसिल की अनुमति के बिना डिस्टेंस लर्निंग के पाठयक्रम भी शुरू कर सकेगा।
- विदेशी छात्रों को मेरिट पर 20 प्रतिशत प्रवेश दे सकेंगे।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालय के ऑफ कैंपस का वार्षिक निरीक्षण भी नहीं करेंगे।

> **''किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए मूल्यांकन महत्वपूर्ण है। विविध राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में रैंकिंग उन्नयन करना और उपलब्धिपरक ग्रेड प्राप्त करना प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है। मूल्यांकनों में उपलब्धिपरक सफलताओं से विश्वविद्यालय की क्षमताओं में वृद्धि होती है, जिसका सीधा लाभ उस विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को हासिल होता है। लखनऊ विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि अन्य विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि करने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।''**
>
> **–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों का सम्मान

लखनऊ: 23 अगस्त, 2023

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों का उत्साहवर्द्धन और सम्मान किया।
- कार्यक्रम में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सात महाविद्यालयों नैक 'ए' ग्रेड प्राप्त कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर, 'बी' ग्रेड प्राप्त ईशान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग मथुरा, नैक 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस गाजियाबाद, नैक 'ए' ग्रेड प्राप्त काशी इंस्टीट्यूट ऑफ वाराणसी, नैक का उच्चतम ग्रेड 'ए प्लस प्लस' प्राप्त अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद, नैक 'बी प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा, नैक 'ए प्लस' प्राप्त स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस लखनऊ के प्रबंधक और उनकी नैक टीम के सदस्यों ने प्रतिभाग कर अपनी नैक तैयारी, महाविद्यालय की विशेषता तथा प्राप्त नैक श्रेणी के सम्बन्ध में राज्यपाल जी को अवगत कराया।



राज्यपाल जी राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों के प्रबंधक और उनकी नैक टीम के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए।



नैक द्वारा उच्चतम ग्रेड 'ए प्लस प्लस' प्राप्त अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद, को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।

- सभी महाविद्यालय नैक के उच्चतम ग्रेड को प्राप्त करने, राष्ट्रीय स्तर पर एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग तथा अंतर्राष्ट्रीय और एशिया स्तर पर क्यू.एस. वर्ल्ड रैंकिंग के लिए निरंतर अपनी गुणवत्ता में सुधार करें।
- उच्च स्तरीय साधनों से सम्पन्न निजी महाविद्यालयों अपने समीपस्थ कम सुविधा वाले सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों को शैक्षणिक साधनों की सुविधा के लिए अपने साथ जोड़ें।
- निजी महाविद्यालयों के शिक्षक अपनी ऑन लाइन कक्षाओं में सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी जोड़ें।
- निजी महाविद्यालयों को समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, कॉलेजों को गोद लेकर उनके समुचित विकास पर कार्य करने पर बल।
- महाविद्यालय अपनी ड्रोन सुविधा का उपयोग समीपस्थ खेतों में फर्टीलाइजर छिड़काव, खेत में कीट अथवा किसी अन्य बीमारी से प्रभावित एरिया को चिन्हित करने के साथ ही लैब में किसानों के लिए उपयोगी परीक्षण को प्राथमिकता दें।

# नैक में उत्कृष्ट ग्रेडिंग प्राप्त विश्वविद्यालयों का सम्मान

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा, अथक प्रयास, मार्गदर्शन, गहन व्यापक दिशा-निर्देशों, समीक्षाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के चलते प्रदेश के विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में उच्च ग्रेड प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकन में ग्रेड प्राप्त प्रदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों की नैक टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी सदस्यों को प्रदत्त जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करके उपलब्धिपरक सफलता प्राप्त करने के लिए बधाई दी।

**नैक द्वारा उच्च ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान का सम्मान :-**

- महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली - 'A++' ग्रेड
- बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ,लखनऊ - 'A++' ग्रेड

राजभवन : 15 अक्टूबर, 2023



ए ग्रेडिंग प्राप्त महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली की नैक टीम को राजभवन, लखनऊ में प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।

राजभवन : 21 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल जी नैक मूल्यांकन में उच्चतम 'A++' ग्रेड प्राप्त बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की नैक टीम को सम्मानित करते हुए।

# राज्य विश्वविद्यालयों का दीक्षान्त समारोह

| क्र0सं0 | विश्वविद्यालय/संस्थान का नाम | पदक एवं उपाधि | दीक्षान्त की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर | उपाधियाँ - 63044<br>पदक - 32<br>पीएच.डी. - 25 | 18 सितम्बर, 2023 |
| 2 | मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय, गोरखपुर | उपाधियाँ - 1519<br>पदक - 42<br>पीएच.डी. - 29 | 19 सितम्बर, 2023 |
| 3 | डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ | उपाधियाँ - 1622<br>पीएच.डी. - 50<br>पदक - 142 | 23 सितम्बर, 2023 |
| 4 | प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज | उपाधियाँ - 1,42,482<br>पदक - 161 | 25 सितम्बर, 2023 |
| 5 | उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज | उपाधियाँ - 20734<br>पदक - 44 | 26 सितम्बर, 2023 |
| 6 | छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर | उपाधियाँ - 209171<br>पदक - 98<br>पीएच.डी. - 23 | 28 सितम्बर, 2023 |
| 7 | हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर | उपाधियाँ - 702<br>पदक - 47<br>पीएच.डी. - 11 | 29 सितम्बर, 2023 |
| 8 | बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (आनलाइन, राजभवन) | उपाधियां - 61854<br>पदक - 81<br>पीएच.डी. - 100 | 30 सितम्बर, 2023 |
| 9 | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ | उपाधियां - 128167<br>पदक - 258 | 18 अक्टूबर, 2023 |

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के दीक्षांत समारोह में पदक एवं उपाधि प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ राज्यपाल जी।






मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के दीक्षांत समारोह में पदक एवं उपाधि प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ राज्यपाल जी।



डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के दीक्षान्त समारोह में राजकीय स्पर्श विद्यालय की आमंत्रित 30 दृष्टिबाधित बालिकाओं को वस्त्र, फल एवं मिष्ठान वितरित करते हुए राज्यपाल जी।




प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के दीक्षा समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ राज्यपाल जी।




उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्रा को मेडल प्रदान कर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।




छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्रा को उपाधि प्रदान कर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।




हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रा को उपाधि प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।



बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल जी की राजभवन से आनलाइन उपस्थिति में उपाधियों एवं पदकों का वितरण।



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के दीक्षान्त समारोह में बच्चों को उपहार देती राज्यपाल जी।

**''दीक्षान्त का अवसर विद्यार्थियों के जीवन का एक यादगार दिन होता है। इस दिन की मधुर यादें सदा विद्यार्थियों के साथ रहती हैं। यह पल उनकी स्मृति-पटल पर जीवनभर अंकित रहता है। जब विद्यार्थी अपने जीवन के नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं, तब सदैव नया सीखने के लिये प्रयास करें तथा जन-कल्याण के लिए कार्य करें और राष्ट्र की प्रगति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।''**


**''कठिन परिश्रम, सहनशीलता एवं आत्मविश्वास तथा सकारात्मक दृष्टिकोण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थियों को यह बात भली-भांति समझना चाहिए कि जीवन में उतार-चढ़ाव हमेशा आते रहते हैं, किन्तु उनके सामने झुकने की बजाय दृढ़तापूर्वक उनका सामना करना चाहिए। किसी भी कार्य में हमें सफलता तभी मिलती है, जब हम उस कार्य को करने में दक्ष और निपुण हों। विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को दक्ष बनने के लिये हमेशा तत्पर रहें।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज की शासी निकाय की बैठक

**राजभवन : 08 अक्टूबर, 2023**

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज की शासी निकाय की ऑनलाइन बैठक हुई।
- बैठक में 09 एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा समिति के सदस्यगणों का सुझाव मांगा गया व अनुमोदन हेतु राज्यपाल जी के समक्ष विवरण प्रस्तुत किए गए।
- बड़े शहरों और महानगरों के साथ-साथ छोटे कस्बे और गांव में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर बल।
- उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र से संबंधित सभी राज्यों में विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु स्तरीय कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने पर जोर।




राज्यपाल जी उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज की शासी निकाय की बैठक में राजभवन से आनलाइन अपने विचार रखते हुए।

# राज्यपाल द्वारा नियुक्त किये गये कुलपति

| क्र0सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | कुलपति | नियुक्ति का दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ | प्रो0 सोनिया नित्यानंद | 01 अगस्त, 2023 |
| 2. | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी | प्रो0 बिहारी लाल शर्मा | 19 अगस्त, 2023 |
| 3. | महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली | प्रो0 कृष्ण पाल सिंह | 19 अगस्त, 2023 |
| 4. | वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर | प्रो0 वंदना सिंह | 24 अगस्त, 2023 |
| 5. | दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर | प्रो0 पूनम टंडन | 24 अगस्त, 2023 |

# सर्वाइकल कैंसर जागरूकता व एच0पी0वी0 टीकाकरण

**लखनऊ: 04 अगस्त, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम के प्रति जागरूकता तथा एच0पी0वी0 टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन।
- ❖ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, लखनऊ की शिक्षिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा एच0पी0वी0 टीकाकरण संबंधी जागरूकता पोस्टर व छात्राओं को इस संदर्भ में जागरूकता पुस्तिका व पोषण आहार का वितरण।
- ❖ उत्तर प्रदेश में महिला कैंसर देखभाल की गुणवत्ता व स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने हेतु जॉन्स हॉपकिन्स प्रोग्राम फार इंटरनेशनल एजुकेशन इन गायनेकोलॉजी एण्ड आब्सटेट्रिक्स, कार्पोरेशन इण्डिया तथा डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के बीच समझौते पत्र पर हस्ताक्षर।
- ❖  की छात्राओं को स्पर्धात्मक वातावरण के तहत कैंसर उन्मूलन पर भाषण प्रतियोगिता हेतु राजभवन में आमंत्रण।



डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं का सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, लखनऊ की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से संबंधित जागरूकता पुस्तिका व पोषण आहार करते हुए राज्यपाल जी।



राज्यपाल जी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, लखनऊ की शिक्षिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा एच0पी0वी0 टीकाकरण संबंधी जागरूकता पोस्टर प्रदान करते हुए।

# 'आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला' का लोकार्पण

**लखनऊ : 08 अगस्त, 2023**




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, निराला नगर, लखनऊ में निर्मित 'आर्यभट्ट संगणक प्रयोगशाला' का लोकार्पण करते हुए।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, निराला नगर, लखनऊ में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी

# वीर नारी अभिनंदन समारोह

**लखनऊ: 11 अगस्त, 2023**

- ❖ प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने वार मेमोरियल सूर्या सभागार, मध्य कमान कैंट, लखनऊ में देश के वीरगति प्राप्त सैनिकों की पत्नियों एवं माताओं हेतु आयोजित 'वीर नारी अभिनंदन समारोह कार्यक्रम' में सहभागिता की।
- ❖ इस अवसर पर 29 वीर शहीदों की पत्नियों, माताओं-वीर नारियों को सम्मान स्वरूप अंग वस्त्र एवं प्रत्येक को **रूपये 11 हजार** के चेक राजभवन की ओर से प्रदान किये गये।
- ❖ महिलाओं में कैंसर से बचाव हेतु कमांड अस्पताल, लखनऊ के मैमोग्राफी केंद्र का ई-लोकार्पण।
- ❖ कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने वीर नारियों से संवाद स्थापित कर उनका हाल-चाल जाना और उनके स्वस्थ, सफल व दीर्घ जीवन कामना की।



लखनऊ के मध्य कमान कैंट में आयोजित 'वीर नारी अभिनंदन समारोह कार्यक्रम' में शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



मध्य कमान कैंट, लखनऊ में आयोजित 'वीर नारी अभिनंदन समारोह कार्यक्रम' में वीर नारियों से संवाद स्थापित कर उनका हाल-चाल लेते हुए राज्यपाल जी।




राज्यपाल जी लखनऊ के मध्य कमान कैंट स्थित कमान अस्पताल में मैमोग्राफी केंद्र का ई-लोकार्पण करते हुए।

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में गौरव स्थल का लोकार्पण

**लखनऊः 17 सितम्बर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वकर्मा जयंती व मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में मा0 प्रधानमंत्री जी को समर्पित गौरव स्थल का लोकार्पण किया।
- राज्यपाल ने निराश्रित बच्चों व संरक्षकों को उपहार, 10 छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं मोबाइल का वितरण व विश्वविद्यालय के कुशल कार्मिकों को सम्मानित किया।
- उम्मीद संस्था के प्रयास से भिक्षावृत्ति छोड़ चुके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण।




लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में मा0 प्रधानमंत्री जी को समर्पित नवनिर्मित गौरव स्थल का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल जी।



टैबलेट एवं मोबाइल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं राज्यपाल जी के साथ।



लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में नवनिर्मित गौरव स्थल के लोकार्पण अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

# राज्यपाल द्वारा बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक, लखनऊ का निरीक्षण

**लखनऊ: 20 सितम्बर, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक, लखनऊ का निरीक्षण तथा सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद व विद्यार्थियों को फल एवं प्रेरणादायी कहानियों की पुस्तकों का वितरण।
- ❖ हाल ही में अपनी बहादुरी से कुड़िया घाट के पास गोमती नदी में एक नवजात को डूबने से बचाने वाले चार बहादुर बच्चों तौसीफ, हसीब, जीशान और गुफरान से भी मिली तथा उनका हालचाल व पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की।
- ❖ ज्ञातव्य है कि राज्यपाल जी द्वारा इन साहसी बच्चों को राजभवन बुलाकर सम्मानित भी किया गया था तथा राज्यपाल जी की प्रेरणा से ही इन बच्चों का नामांकन समीप के बेसिक विद्यालय लाजपत नगर चौक, लखनऊ में करवाया गया था।



बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक, लखनऊ के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से संवाद करते हुए राज्यपाल जी।



बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक, लखनऊ में मध्याह्न भोजन का निरीक्षण करते हुए राज्यपाल जी।



बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक, लखनऊ में बच्चों को फल प्रदान कर अभिभावकों से वार्ता करते हुए राज्यपाल जी।

# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में 'स्टार्ट-अप संवाद 2.0' कार्यक्रम

**लखनऊ : 15 अक्टूबर, 2023**

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की अध्यक्षता में इनोवेशन डे और पूर्व राष्ट्रपति डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के जन्मदिवस के अवसर पर डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब और आई हब गुजरात के सहयोग से 'स्टार्टअप संवाद 2.0' कार्यक्रम का आयोजन।
- कार्यक्रम में ए0के0टी0यू के इनोवेशन हब द्वारा आई-हब गुजरात, हेड स्टार्ट, वी फाउंडर सर्कल, वाधवानी फाउंडेशन, कॉग्नीफाय, यस बैंक और काउंसिल फॉर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के साथ विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एम0ओ0यू0) का आदान-प्रदान।
- विश्वविद्यालय में स्टार्ट-अप आधारित विभिन्न स्टालों का अवलोकन, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों के सहयोग से तकनीक के माध्यम से विविध सरल कृषि यंत्र, एप, मल्टीफंक्शनल व्हील चेयर व अन्य उपकरण आदि का प्रदर्शन। नवाचारों को प्रोत्साहन व पुरस्कार देकर सम्मान।
- इनोवेशन हब व ईडीआईआई के सहयोग से कलाम परिक्रमा लॉन्च।



डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में
आयोजित 'स्टार्ट-अप संवाद 2.0' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।




राज्यपाल जी की उपस्थिति में ए0के0टी0यू के इनोवेशन हब एवं विभिन्न संस्थाओं के मध्य एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित हुए।



स्टार्ट-अप आधारित विभिन्न स्टालों का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।




नवाचार के लिए 75 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।

**''आज हमारा देश स्टार्ट-अप इको-सिस्टम को मजबूत कर व आत्म-निर्भरता को बढ़ावा देकर नवाचार संस्कृति की ओर बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है कि वो अपने छात्रों को डॉ0 कलाम की तरह तैयार करें। डॉ0 कलाम का युवाओं पर बहुत भरोसा था। उनके अनुसार हमारे युवाओं में इतना आत्मविश्वास होना चाहिए कि वे कह सकें मैं इस काम को कर सकता हूँ। यही भावना हमें आगे ले जायेगी। भारत के युवाओं पर विश्व का भरोसा बढ़ा है। युवाओं के लिये धरती से लेकर स्पेस तक, सेमी-कंडक्टर से लेकर ए0आई0 तक अनेक क्षेत्रों में नये अवसर पैदा हो रहे हैं।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (जालौन)

**जालौन: 02 अगस्त, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद जालौन का भ्रमण कर विविध कार्यक्रमों में सहभागिता और समीक्षा बैठक की।
- ❖ राज्यपाल जी की प्रेरणा से जनपद जालौन के **155 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु उरई तहसील के विकास खण्ड डकोर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र, सरसौखी ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में प्रति आंगनवाड़ी **रू0 25 हजार** की दर से कुल धनराशि **रू0 38 लाख 75 हजार की आंगनवाड़ी किट** (खिलौने, झूला, साईकिल, ब्लैकबोर्ड, कुर्सियां तथा मेज आदि सामग्री) का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 5660** हो गयी है।
- ❖ कम्पोजिट विद्यालय सरसौखी में कक्षा–1 से 5 तक के बच्चों के पठन–पाठन के बारे में जानकारी लेने के साथ ही विविध ज्ञानवर्धक पुस्तकों का वितरण तथा ग्राम सरसौखी के प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण।
- ❖ बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन।




जनपद जालौन के आंगनवाड़ी केन्द्र, सरसौखी ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।




बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

- जनपद जालौन स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के बालरोग इमरजेंसी, नवजात वार्ड, ओ0पी0डी0, महिला वार्ड व अन्य वार्डो का निरीक्षण कर मरीजों का हालचाल जाना और नवजात वार्ड के मरीजों फल वितरण।
- टी0बी0 रोग पीड़ित के परिजनों को पोषण किट का वितरण।
- आयुष्मान भारत कार्ड योजना के **50 लाभार्थियों** को गोल्डन कार्ड का वितरण।
- भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा जनपद में विगत 10 वर्षों में किये गये कार्यो की समीक्षा
- जालौन स्थित जिला कारागार, उरई  का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी के साथ ही कैदियों से संवाद कर भविष्य में आपराधिक जीवन से दूर होकर सामाजिक जीवन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।
- बन्दियों को स्वच्छ पेयजल हेतु **04 नग वाटर कूलर** भेंट तथा महिला बंदियों को साड़ी व उनके साथ रह रहे छोटे बच्चों को खिलौने व फल का वितरण।



राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौन में भर्ती नवजात शिशु हेतु फल प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।




राज्यपाल जी जनपद जालौन में टी0बी0 रोग पीड़ित के परिजनों को पोषण किट उपलब्ध कराते हुए




राज्यपाल जी आयुष्मान भारत कार्ड योजना के लाभार्थी को गोल्डन कार्ड का वितरित करते हुए।

राज्यपाल जी जनपद जालौन में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए।






भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा जनपद जालौन में किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए।

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण
# (हमीरपुर)

**हमीरपुर: 03 अगस्त, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद हमीरपुर का भ्रमण कर विविध कार्यक्रमों और समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की।
- राज्यपाल जी द्वारा जनपद हमीरपुर के ग्राम कुछेछा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण तथा जनपद के **170 आंगनवाडी केंद्रों** को सुविधा संपन्न बनाये जाने के उद्देश्य से प्रति आंगनवाड़ी **रू0 25 हजार** की दर से कुल धनराशि **रू0 42 लाख 50 हजार** की पठन-पाठन एवं खेल-कूद सामग्री युक्त आंगनवाड़ी किट का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 5830** हो गयी है।
- आंगनवाड़ी केन्द्र में टी0वी0 के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने सम्बन्धी गतिविधियों का अवलोकन।




जनपद हमीरपुर के ग्राम कुछेछा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों के पठन-पाठन की जानकारी प्राप्त करते हुए राज्यपाल जी।






जनपद हमीरपुर में कुछेछा स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर पठन-पाठन एवं खेल-कूद सामग्री युक्त आंगनवाड़ी किट का वितरण करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

- ❖ **124** स्वयं सहायता समूहों हेतु **1.86 करोड़** के कैश क्रेडिट लिमिट संबंधित चेक तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण।
- ❖ जनपद हमीरपुर स्थित महिला व पुरूष चिकित्सालय में इमरजेंसी वार्ड, सामान्य वार्ड, पोस्ट आपरेशन वार्ड, एन0आई0सी0यू0 वार्ड, एस0एन0सी0यू0, हड्डी रोग विशेषज्ञ कक्ष, आयुष्मान भारत सम्बन्धित काउंटर का निरीक्षण तथा वहां भर्ती मरीजों को फल वितरण व उन्हें अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली तथा उनका हालचाल जाना।
- ❖ जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत **50 लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड** तथा **60 क्षय रोग** के मरीजों हेतु पोषण पोटली का वितरण।
- ❖ क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें रोगमुक्त बनाये जाने हेतु किये गये उत्कृष्ट कार्य पर जनपद की तीन औद्योगिक इकाइयों जे0के0 सीमेंट, रिमझिम इस्पात तथा हिन्दुस्तान यूनिलीवर के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान।
- ❖ आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित जनपद के राजकीय व निजी चिकित्सालयों के चिकित्साधिकारियों से संवाद कर उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य करने हेतु प्रशस्ति-पत्र का वितरण।




जनपद हमीरपुर में क्षय रोग के मरीजों हेतु पोषण पोटली का वितरण करते हुए।




आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित जनपद के राजकीय व निजी चिकित्सालयों के चिकित्साधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति-पत्र का वितरण।

❖ कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी में 'एक जिला-एक उत्पाद', स्वयं सहायता समूह, जैविक कृषि, बागवानी मिशन एवं खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, जल जीवन मिशन, माटीकला आदि का अवलोकन तथा रूद्राक्ष का पौधारोपण।




जनपद हमीरपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ।




राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद हमीरपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में रूद्राक्ष का पौधा रोपित किया।




जनपद हमीरपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ।

- ❖ जनपद स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं प्रबन्धकों के साथ संवाद स्थापित कर महाविद्यालयों में शिक्षण गतिविधियों में तेजी लाने व नियमित रूप से संचालित किये जाने के निर्देश।
- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद हमीरपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक की तथा जनपद हमीरपुर की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर आयोजित किए गए कल्प हमीर महोत्सव, हमीरपुर के इतिहास एवं संस्कृति, वन विभाग के सघन वृक्षारोपण अभियान, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, एनआरएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जनपद में की गई पुष्टाहार निर्माण इकाई की स्थापना, अमृत सरोवर की स्थापना एवं जल संरक्षण से संबंधित जनपद की उपलब्धियों के बारे में डॉक्यूमेंट्री वीडियो के माध्यम से जानकारी प्राप्त की।
- ❖ टी0बी0 निगरानी तंत्र आईवीआरएस कॉलिंग एवं टी0बी0 पोर्टल लांच।
- ❖ जनपद हमीरपुर के पर्यटन एवं संस्कृति, इतिहास से संबंधित विभिन्न स्थलों के संपूर्ण विवरण एवं उनके महत्व से संबंधित कॉफी टेबल बुक 'संकल्प' का विमोचन।





जनपद हमीरपुर में राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों व प्रबन्धकों के साथ संवाद कर आवश्यक निर्देश देते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

जनपद हमीरपुर के कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए।





जनपद हमीरपुर के पर्यटन एवं संस्कृति, इतिहास से संबंधित विभिन्न स्थलों के संपूर्ण विवरण एवं उनके महत्व से संबंधित कॉफी टेबल बुक 'संकल्प' का विमोचन।

**''सभी गांव को ऐसे मॉडल के रूप में विकसित किया जाए जहां प्रत्येक पात्र परिवार सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित हो। मॉडल गांव में कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड से वंचित ना रहे, गांव में शत प्रतिशत बच्चों का स्कूलों में नामांकन हो, आंगनवाड़ी केंद्र दुरूस्त हो तथा वहां नियमित रूप से बच्चे आ रहे हों यह सुनिश्चित किया जाए।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (बस्ती)

**बस्ती: 04 सितम्बर, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद बस्ती में केंद्र सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही जिले में कराए गए नवाचार 518 स्कूलों की बाउंड्री, मनोरमा नदी का जीर्णोद्धार, कनेथू बुजुर्ग एवं पंचवस झील का पुनरूद्धार आदि की जानकारी प्राप्त की।




जनपद बस्ती में केंद्र सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक करते हुए राज्यपाल जी।

❖ अधिकारियों को गांव का औचक निरीक्षण करने, वहां संचालित हो रही सभी योजनाओं का सत्यापन करने, ग्रामीणों से बात करके उनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश।

❖ ट्रांसजेंडर समुदाय के कौशल विकास और आजीविका के लिए चलाए जा रहे 'हुनरमंद किन्नर' कार्यक्रम के अंतर्गत किन्नर प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन, ब्यूटी किट तथा प्रतीकात्मक ट्रांसजेंडर पंजीकरण कार्ड का वितरण।

## जनपद बस्ती के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जनपद बस्ती के **75 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु **रू0 25 हजार प्रति आंगनवाड़ी** की दर कुल धनराशि **रू0 18 लाख 75 हजार की आंगनवाड़ी किट** का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 5905** हो गयी है।
- ❖ जनपद बस्ती में आदर्श ग्राम लेदवा, ब्लॉक सल्टौआ गोपालपुर के प्राइमरी विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिवालय, अमृत सरोवर का निरीक्षण तथा अमृत उद्यान में रुद्राक्ष का पौधरोपण।
- ❖ इस अवसर पर विभिन्न विभागों स्वास्थ्य, एनआरएलएम, कौशल विकास, बेसिक शिक्षा, बाल विकास, कृषि, आयुष विभागों एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन तथा इसका लाभ आम जनमानस तक पहुंचाने के निर्देश।
- ❖ आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना का गैस कनेक्शन, तिलहन किट, सोलर पैनल, कृषि यंत्र, लखपति महिला, बीसी सखी, सुपोषण किट, विद्युत सखी प्रमाण पत्र, सीसीएल चेक तथा कौशल विकास के अन्तर्गत ब्यूटी किट का वितरण।



जनपद बस्ती के ब्लॉक सल्टौआ गोपालपुर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री को आंगनवाड़ी किट प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।



ग्राम लेदवा, बस्ती में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल आंगनवाड़ी केन्द्र पर बच्चे को उपहार देते हुए।



सल्टौवा गोपालपुर ब्लॉक, बस्ती में महिला मंगल दल व प्रांतीय रक्षक दल को आवश्यक सामग्री का वितरण करते हुए।



राज्यपाल जी महिला लाभार्थी को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का कार्ड प्रदान करते हुए।

# जनपद बस्ती में शंकुस कैंसर अस्पताल का शुभारंभ

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद बस्ती में नवनिर्मित शंकुस कैंसर अस्पताल का शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर शंकुस कैंसर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल जाना, कैंसर का कारण पूछते हुए उन्हें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया तथा अस्पताल प्रशासन से मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।



जनपद बस्ती में नवनिर्मित शंकुस कैंसर अस्पताल का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल जी।



शंकुस कैंसर अस्पताल में भर्ती मरीज से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछते हुए राज्यपाल जी।

# जनपद बस्ती में ओपेक कैली हास्पिटल का निरीक्षण

- ❖ राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा जनपद बस्ती में ओपेक कैली हास्पिटल का निरीक्षण तथा रेडक्रास सोसायटी के प्रतिनिधियों से संवाद।
- ❖ इस अवसर पर **20 क्षय रोगियों** को पोषण पोटली का वितरण तथा टी0बी0 ग्रस्त रोगियों को गोद लेने वाली **13 संस्थाओं/व्यक्तियों** का सम्मान।
- ❖ आयुष्मान लाभार्थियों को **100 हेल्थ कार्ड** का वितरण तथा जनपद में आयुष्मान कार्ड धारकों को स्वास्थ्य सेवा देने वाले सर्वोत्तम **10 निजी चिकित्सालयों**, एन.क्यू.ए.एस पुरस्कार प्राप्त चिकित्सा इकाइयों के अधीक्षकों, आर.बी.एस.के. योजनान्तर्गत बर्थ डिफेक्ट बीमारी के इलाज करने वाले डाक्टरों का सम्मान।



क्षय रोगियों हेतु पोषण पोटली का वितरण करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



उत्कृष्ट कार्य हेतु चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।



आयुष्मान लाभार्थी को हेल्थ कार्ड का वितरण करते हुए राज्यपाल जी।

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (अम्बेडकर नगर)

**अम्बेडकर नगर : 05 सितम्बर, 2023**

- राज्यपाल जी ने जनपद अम्बेडकर नगर स्थित ब्लॉक टाण्डा के आदर्श ग्राम चिंतौरा के प्राइमरी विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। राज्यपाल जी की प्रेरणा से आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु **50 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को **रू0 25 हजार प्रति आंगनवाड़ी** की दर से कुल धनराशि **रू0 12 लाख 50 हजार** की खेल–सामग्री एवं पठन–पाठन सामग्री युक्त आंगनवाड़ी किटों का वितरण तथा आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित बच्चों को मिष्ठान वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 5955** हो गयी है।
- प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास का निरीक्षण, स्मार्ट स्क्रीन के माध्यम से बच्चों के शिक्षण का अवलोकन, पुस्तकालय कक्ष का निरीक्षण, रसोई घर की व्यवस्थाओं और मध्याह्न भोजन का भी निरीक्षण।
- अपशिष्ट से खाद्य निर्माण केन्द्र तथा कूड़ा प्रबन्धन हेतु आर0आर0सी0 केन्द्र का अवलोकन।



जनपद अम्बेडकर नगर स्थित आदर्श ग्राम चिंतौरा, आंगनवाड़ी केन्द्र पर आंगनवाड़ी किट वितरित करते हुए राज्यपाल जी।



जनपद अम्बेडकर नगर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।



राज्यपाल जी अम्बेडकरनगर के आदर्श ग्राम चिंतौरा स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद अंबेडकरनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा की।
- ❖ बैठक में राज्यपाल जी के समक्ष एक लघु डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से जनपद में हो रहे विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया।



अंबेडकरनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए राज्यपाल जी।

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा जनपद अंबेडकरनगर के लोहिया भवन में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन तथा प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण।
- ❖ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को चाबी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को चाबी, मनरेगा से निर्मित पशु आश्रय स्थल के लाभार्थियों को स्मृति चिन्ह वितरण, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को चेक, मुद्रा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक, उज्जवला गैस कनेक्शन के लाभार्थियों को कार्ड का वितरण।
- ❖ निराश्रित महिला पेंशन योजना के **34542 लाभार्थियों** को **10 करोड़ 30 लाख 81 हजार**, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत **24229 लाभार्थियों** को **चार करोड़ 53 लाख 37 हजार**, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य **146 लाभार्थियों** को **10 लाख 95 हजार**, दिव्यांग भरण पोषण अनुदान **13979 लाभार्थियों** को **4 करोड़ 31 लाख 71 हजार**, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के **700 लाभार्थियों** को **दो करोड़ 10 लाख**, एस0सी0/एस0टी0 उत्पीड़न आर्थिक सहायता योजना के तहत **137 लाभार्थियों** को **पचासी लाख**, वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत **107848 लाभार्थियों** को **32 करोड़ 35 लाख 44 हजार** का डेमो चेक का वितरण।



उज्जवला गैस कनेक्शन के लाभार्थी को प्रतीकात्मक सेलेंडर प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।




जनपद अंबेडकरनगर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी को प्रतीकात्मक चेक का वितरण करते हुए राज्यपाल जी ।



अंबेडकरनगर में लोहिया भवन में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।



मनरेगा से निर्मित पशु आश्रय स्थल के लाभार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए राज्यपाल जी



प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को प्रतीकात्मक चाबी प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा जनपद अंबेडकरनगर में तहसील टांडा अंतर्गत जिला प्रशासन के अभिनव प्रयासों से विकसित पुंथर झील, अमृत सरोवर ममरेजपुर का निरीक्षण।
- दहिरपुर टांडा रोड अकबरपुर स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहां आवासित वृद्धजनों से संवाद व उन्हें वस्त्र, गिफ्ट हैंपर और फल का वितरण।
- अम्बेडकरनगर स्थित जिला चिकित्सालय में **20 क्षय रोगियों** को पोषण किट, आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत **98 आयुष्मान लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड** वितरण।
- दिनांक 01 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक संचालित विशेष गोल्डन कार्ड अभियान के दौरान सक्रिय सहयोग करने वाले **16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों**, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सूचीबद्ध **03 चिकित्सालयों**, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जनपद शाखा अम्बेडकरनगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित।
- आयुष्मान योजना में शामिल जनपद के प्राइवेट एवं राजकीय चिकित्सालयों के संचालक, मैनेजर एवं अधीक्षकों के साथ संवाद।
- जनपद के जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, जिला अस्पताल में स्थित वन स्टॉप सेंटर तथा महिला एवं शिशु वार्ड का निरीक्षण और बच्चों को फल तथा खिलौनों का वितरण।
- उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना के तहत संचालित केन्द्र डी0डी0यू0, जे0के0वाई0, पार्थ थ्रेड प्रा0लि0, टाण्डा अम्बेडकरनगर का भ्रमण तथा संचालित कोर्स के बारे में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों द्वारा विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर।



जनपद अम्बेडकर नगर में अमृत सरोवर, ममरेजपुर का निरीक्षण करते हुए राज्यपाल जी।



राज्यपाल जी महिला एवं शिशु वार्ड के निरीक्षण दौरान फल एवं खिलौनों का वितरण करते हुए।

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (गोरखपुर)

## जनपद गोरखपुर के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने की पहल

**गोरखपुर: 19 सितम्बर, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड जंगल धूसड़ के आंगनवाडी केन्द्र बड़ी रेतवहिया का निरीक्षण कर **109 आंगनवाड़ी केन्द्रों 25 हजार** की दर से कुल **रू0 27 लाख 25 हजार** की धनराशि की आंगनवाड़ी किट का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 6064** हो गयी है।




जनपद गोरखपुर के बड़ी रेतवहिया में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।



आंगनवाड़ी केन्द्र के उपयोगार्थ आवश्यक सामग्री प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।

# जिला जेल गोरखपुर का भ्रमण

**गोरखपुर : 18 सितम्बर, 2023**

- ❖ राज्यपाल जी द्वारा जिला जेल गोरखपुर का भ्रमण कर महिला बंदियों व उनके बच्चों से संवाद और उनके बच्चों को खेल किट व पौष्टिक आहार के पैकेट का वितरण।
- ❖ इस अवसर पर महिला बंदियों द्वारा बनाई गई टेराकोटा की प्रदर्शनी का अवलोकन।
- ❖ इंटर कॉलेज के **112 बच्चों** द्वारा जेल का भ्रमण ।



राज्यपाल जी जनपद गोरखपुर में महिला बंदियों को सकारात्मक सोच के साथ भविष्य में सम्मानजनक जीवन यापन के लिए प्रेरित करते हुए।



महिला बंदियों के बच्चों हेतु खेल किट व पौष्टिक आहार देते हुए राज्यपाल जी।

# जनपद लखनऊ के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने की पहल

लखनऊ: 23 सितम्बर, 2023

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जनपद लखनऊ के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिये डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के दीक्षांत समारोह के अवसर पर 05 आंगनवाड़ी केन्द्रों को **रू0 25 हजार प्रति आंगनवाड़ी** की दर से कुल धनराशि **रू0 1.25 लाख की आंगनवाड़ी किट** का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 6069** हो गयी है।




राज्यपाल जी जनपद लखनऊ की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक किट प्रदान करते हुए

**''छोटे बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति बहुत प्रबल होती है, इसलिए हमें उनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। हमारा उत्तरदायित्व है कि हम उन्हें ऐसा वातावरण प्रदान करें, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सके। शिशु की गर्भावस्था से लेकर उसके जन्म व स्कूल में जाने तक की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी केन्द्र की होती है। इसलिए बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ें और उनके लिए केन्द्रों में खिलौने, इंटेरेक्टिव लर्निंग की व्यवस्था पर जोर दें, जिससे बच्चे स्वयं आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने के लिए उत्सुक रहे। बच्चे लिखने से ज्यादा देखकर सीखते है, उन्हें एक खिलौने से भी काफी कुछ सिखाया जा सकता है।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# जनपद प्रयागराज के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

**प्रयागराज: 26 सितम्बर, 2023**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा जनपद प्रयागराज में कम्पोजिट विद्यालय अरैल नैनी परिसर में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह–सितम्बर 2023 के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद तथा जनपद के आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधा–संपन्न बनाने के लिए शिक्षण, खेलकूद एवं पोषण हेतु **200 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को **25 हजार प्रति आंगनवाड़ी** की दर से कुल धनराशि **रू0 50 लाख की किट** तथा उपस्थित बच्चों को फल का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 6269** हो गयी है।
- ❖ इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र पर बनायी गयी स्मार्ट क्लास का उद्घाटन।
- ❖ आंगनवाड़ी केन्द्र को राजभवन की ओर से **55 पुस्तकें** भेंट।
- ❖ श्री अन्न से निर्मित रेस्पी पोषण स्टॉल का अवलोकन। नंदी सेवा संस्थान की ओर से उपलब्ध कराये गये 50 प्री स्कूल किट का बच्चों में वितरण।



कम्पोजिट विद्यालय, अरैल नैनी, प्रयागराज में आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधा–संपन्न बनाने हेतु आंगनवाड़ी संसाधन किटों का वितरण करते हुए राज्यपाल जी एवं उपस्थित कार्यकत्रियां।

# जनपद रामपुर के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

**कानपुर : 27 सितम्बर, 2023**

- ❖ राज्यपाल जी की प्रेरणा से कानपुर नगर में आयोजित कार्यक्रम में रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के सौजन्य से जनपद रामपुर के **100 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए **रू0 25 हजार प्रति आंगनवाड़ी** की दर से कुल धनराशि **रू0 25.00 लाख की आंगनवाड़ी किट** का आनलाइन वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 6369** हो गयी है।

# जनपद कानपुर के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

**कानपुर : 29 सितम्बर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा जनपद कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सभागार में आंगनवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ।
- राज्यपाल जी की प्रेरणा से जनपद कानपुर देहात के **100 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए **रू0 25 हजार प्रति आंगनवाड़ी** की दर से कुल धनराशि **रू0 25.00 लाख** तथा जनपद कानपुर नगर के **81 आंगनवाड़ी केन्द्रों रू0 25 हजार** प्रति आंगनवाड़ी की दर से **रू0 20 लाख 25 हजार की आंगनवाड़ी किट** का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 6550** हो गयी है।
- आंगनवाडी कार्यकत्रियों को **5 हजार रूपये** के चेक का वितरण।
- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के छात्रों द्वारा आंगनवाड़ी किट वितरण से बच्चों के व्यवहार एवं कुशलता में आये बदलाव पर किये गये सर्वेक्षण पर आधारित पुस्तक का विमोचन।




जनपद कानपुर देहात एवं कानपुर नगर की आंगनवाडी कार्यकत्रियां आंगनवाड़ी किट एवं चेक प्राप्त करने के पश्चात राज्यपाल जी के साथ।




विश्वविद्यालय द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध करायी गयी किट के प्रभाव का अध्ययन सम्बन्धी पुस्तिका का विमोचन करते हुए राज्यपाल जी एवं अन्य।

# जनपद झांसी के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने की पहल

**राजभवन : 30 सितम्बर, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जनपद झांसी के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिये राजभवन से आनलाइन आयोजित बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के दीक्षांत समारोह के अवसर पर **60 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को **रू0 25 हजार प्रति आंगनवाड़ी** की दर से कुल धनराशि **रू0 15 लाख की आंगनवाड़ी किट** का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 6610** हो गयी है।



जनपद झांसी के आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को किट वितरण के पश्चात सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी

**''समाज में यह शक्ति है कि वह सरकारी सहायता के बिना आंगनबाडी केन्द्रों को विभिन्न वस्तुएं दान कर सशक्त बना सकते है। बच्चों का विकास किस तरह करना है इसके लिए विचार करना होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री माता तथा शिक्षिका की तरह बच्चों की देखभाल करती है, उन्हें चाहिए कि वह बच्चों की विशेष योग्यता की पहचान कर उसे विकसित करने में मदद करें। ग्राम प्रधान बच्चों को आंगनवाड़ी भेजने में सहयोग करें।''**

**राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक

**प्रयागराज : 25 सितम्बर, 2023**

- ❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति, प्रयागराज श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने संग्रहालय कार्यकारिणी व संग्रहालय समिति की बैठक की अध्यक्षता की।
- ❖ संग्रहालय की नवनिर्मित आजाद वीथिका, मूल संगोल की प्रतिकृति, नव संयोजित जन संशोधन प्रणाली व पुनर्संयोजित केन्द्रीय कक्ष का लोकार्पण।
- ❖ इस अवसर पर राज्यपाल जी ने चन्द्रशेखर आजाद जी की पिस्तौल (बमतुल बुखारा) को निर्धारित कैबिनेट में स्थापित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया।





इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद में नवनिर्मित आजाद वीथिका तथा पुनर्संयोजित केन्द्रीय कक्ष का लोकार्पण करते हुए।



इलाहाबाद संग्रहालय में चन्द्रशेखर आजाद जी की पिस्तौल (बमतुल बुखारा) को निर्धारित कैबिनेट में स्थापित करते हुए राज्यपाल जी।

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण
## प्रयागराज

**प्रयागराज : 25 सितम्बर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रयागराज में जिला कारागार नैनी में महिला बंदियों तथा उनके बच्चों से संवाद किया।
- इस अवसर पर महिला बंदियों के बच्चों को राजभवन की ओर से पुस्तकों का वितरण।







राज्यपाल जी प्रयागराज में जिला कारागार नैनी में महिला बंदियों से संवाद करते हुए।

## दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक

**गोरखपुर : 18 सितम्बर, 2023**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति, अधिकारियों एवं सभी संकायों के विभागाध्यक्षों के साथ विश्वविद्यालय की प्रगति और नैक एवं एन0आई0आर0एफ0 की रैंकिंग में सुधार हेतु समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये।

डी0डी0यू0 विश्वविद्यालय, गोरखपुर के अधिकारीगणों एवं विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए राज्यपाल जी।



## छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक

**कानपुर: 28 सितम्बर, 2023**

❖ राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न।

❖ विश्वविद्यालय को रक्तदान शिविर, अंगदान जागरूकता शिविर, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर, जैसी कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन एवं विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश।

❖ महाविद्यालय और विश्वविद्यालय को सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत टी0बी0 उन्मूलन हेतु क्षय रोगियों को गोद लेने का आह्वान।

❖ आंगनवाड़ी में आंगनवाड़ी किटों की उपलब्धता हेतु तथा प्राथमिक शिक्षा से शत प्रतिशत संतृप्तता एवं ड्राप आउट रेट को घटाने की दिशा में भी कार्य हेतु विश्वविद्यालय को निर्देश।



कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेते हुए।

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण
# (सीतापुर)

**सीतापुर : 03 अक्टूबर, 2023**



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित कालीपीठ मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महोत्सव में श्री रमेश भाई ओझा जी की भागवत कथा का श्रवण तथा पूजा–अर्चना की।





राज्यपाल जी जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित कालीपीठ मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा महोत्सव में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए।

# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन

**मेरठ : 17 अक्टूबर, 2023**

- ❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में 17 से 19 अक्टूबर, 2023 तक ''कृषि विविधीकरण से पोषण सुरक्षा'' विषय पर आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन।
- ❖ राज्यपाल जी द्वारा किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न उत्पादों की जानकारी प्राप्त की गयी।
- ❖ विश्वविद्यालय की 'दुग्ध प्रसंस्करण एवं गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला' का शिलान्यास।



राज्यपाल जी अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए।



सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी।

❖ सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त 50 अशिक्षित महिलाओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन।




सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में कृषक महिलाओं से संवाद करते हुए राज्यपाल जी।



# जनपद मेरठ के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

**मेरठ : 17 अक्टूबर, 2023**

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल, मेरठ के दीक्षांत समारोह के अवसर पर जनपद मेरठ के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित एवं सुविधा सम्पन्न बनाने के उद्देश्य से आयोजित आंगनवाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में **495 आंगनवाड़ी केन्द्रों** हेतु **25 हजार प्रति किट** की दर से कुल धनराशि **रू0 01 करोड़ 23 लाख 75 हजार की आंगनवाड़ी किट** का वितरण। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 7105** हो गयी है।
- आंगनबाडी किट दान करने वाले ग्राम प्रधानों एवं उद्यमियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान।




सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल, मेरठ में आयोजित आंगनवाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में कार्यकत्रियों को आंगनवाड़ी किट प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।

**मेरठ :18 अक्टूबर, 2023**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के दीक्षांत समारोह के अवसर पर जनपद मेरठ के **10 आंगनवाड़ी केन्द्रों** को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु प्रति आंगनवाड़ी **रू0 25 हजार** की दर से कुल धनराशि **रू0 2 लाख 50 हजार की आंगनवाड़ी किट** का वितरण किया। इसके साथ ही पूरे प्रदेश भर में अब तक कुल वितरित किये गये **आंगनवाड़ी किटों की संख्या 7115** हो गयी है।



जनपद मेरठ की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां आंगनवाड़ी किट प्राप्त करने के पश्चात राज्यपाल जी के साथ।

# विश्व कप क्रिकेट 2023 में भारत–इंग्लैंड के मध्य मैच

**लखनऊ : 29 अक्टूबर, 2023**








राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी लखनऊ स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 29 अक्टूबर, 2023 खेले गए विश्व कप 2023 के भारत–इंग्लैंड मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का उत्साहवर्द्धन करते हुए।

# राज्यपाल का राज्य भ्रमण (गुजरात)

**अहमदाबादः 21 सितम्बर, 2023**



ए.एम.सी ग्राउण्ड, प्रहलादनगर, अहमदाबाद में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए राज्यपाल जी।




ए.एम.सी ग्राउण्ड, प्रहलादनगर, अहमदाबाद में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी में आये आगन्तुकों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी।

**पाटन : 22 अक्टूबर, 2023**



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, पाटन, गुजरात के खोदलधाम ट्रस्ट, ग्राम संदर में भूमि पूजन समारोह के अवसर पर उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुए।

**अहमदाबाद : 23 अक्टूबर, 2023**



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल नवरात्रि अष्टमी को साल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित गरबे के अवसर पर देवी की आराधना व आरती में सम्मिलित हुईं।

**सौराष्ट्र : 12 सितम्बर, 2023**



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

# HAPPY दिवाली

आओ समर्पित करें राष्ट्र को
दीपक एक दिवाली में
हम भी कुछ सहयोग करें
भारत की खुशहाली में

करें प्रतिज्ञा स्वच्छ रखेंगे
गलियों को चौबारों को
गरिमा मय, शालीन बनायें
हम अपने त्यौहारों को
छोड़ेंगे न कूड़ा कचरा
अपनी गली की नाली में.....1

अब न खरीदें माला, झालर
चाइनीज उपकरण कोई
कर न पाये अब अपनी
समृति का अपहरण कोई
रोटी के संग लड्डू होगा
दीपकार की थाली में....2

भारत वर्ष में जन्म लिया है
यह सौभाग्य हमारा है
सतत् तरक्की करें, रूकें न
यह कर्तव्य हमारा है।
खुद को सामर्थ्यवान बनायें
अब न रहे बदहाली में....3

स्वयं पधारेंगी माँ लक्ष्मी
रिद्धि-सिद्धि लिये
लायेंगी यश, गौरव वैभव
दौलत की बरसात लिये
रहना तत्पर हर क्षण हमको
भारत माँ की रखवाली में....4
मार के रावण को

अयोध्या लौठे प्रभु रघुराई
हारा पाप, अधर्म, असत्य
विजय सत्य ने पाई
एक नया भारत दिखता है
दीपों की उजियाली में....5

दीपक एक जलाएं हम
कोरोना योद्धाओं के नाम
माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में
हमने जीता हर संग्राम
देश हमारा गिना जाए अब
सर्वाधिक बलशाली में....6

माननीय राज्यपाल महोदया
हो आपकी सदैव जय-जयकार
दीपावली की शुभकामनाएं
कृपया आप करिये स्वीकार
आपके सानिध्य मे हम सब भी
हैं अत्यन्त सौभाग्यशाली में.....7

आओ समर्पित करें राष्ट्र को
दीपक एक दिवाली में
हम भी कुछ सहयोग करें
भारत की खुशहाली में



**कुलदीप सिंह**
निरीक्षक, उ0प्र0पु0
आर.आई. आफिस, राजभवन, लखनऊ।
9415181436

# फोटो गैलरी

24 अगस्त, 2023



पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी से राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की शिष्टाचार भेंट।

19 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने शिष्टाचार भेंट की।

19 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शिष्टाचार भेंट की।

11 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुस्तक ''त्रयंबकम यजामहे'' भेंट करते हुए।

15 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट कर पुस्तक 'महाभारत यथार्थ कथा' भेंट की।

16 सितम्बर, 2023



राज्यपाल श्रमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंटकर पुस्तक 'शौर्य गाथाएं' भेंट की।

# फोटो गैलरी

01 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने शिष्टाचार भेंट की।

25 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने शिष्टाचार भेंट की।

1 अगस्त, 2023



राज्यपाल जी से राजभवन में जल शक्ति व बाढ़ नियंत्रण मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

23 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने शिष्टाचार भेंट की।

17 अगस्त, 2023



राज्यपाल जी से राजभवन में मा0 मंत्री कारागार उ0प्र0 श्री धर्मवीर प्रजापति ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें '76वां आजादी का अमृत महोत्सव कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं' पुस्तक भेंट की।

2 सितम्बर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में लोक निर्माण विभाग, मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की।

# फोटो गैलरी

27 सितम्बर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने शिष्टाचार भेंट की।

6 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी से राजभवन में उत्तर प्रदेश सरकार के औधोगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंदगोपाल नन्दी ने शष्टाचार भेंट की।

12 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनदीबेन पटेल से राजभवन में राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण उत्तर प्रदेश श्री दानिश आजाद अंसारी ने शिष्टाचार भेंट कर पुस्तक 'ध्येय-यात्रा' भेंट करते हुए।

15 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल जी से राजभवन में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री तथा कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शिष्टाचार भेंट की।

27 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिष्टाचार भेंट की

14 सितम्बर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में भारतीय जनता पार्टी, अध्यक्ष, श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शिष्टाचार भेंट की।

# फोटो गैलरी

12 सितम्बर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जूनागढ़ में पीढ नेता और गुजरात के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती हेमाबहन आचार्य के घर जाकर मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना।

12 सितम्बर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने पूर्व मंत्री और गुजरात के वरिष्ठ नेता श्री भुपेंद्र सह चुडासमा के गांधी नगर स्थित आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

9 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मेजर जनरल विक्रम कुमार, अपर महानिदेशक, एन0सी0सी0 निदेशालय ने शिष्टाचार भेंट की।

22 अगस्त, 2023



राज्यपाल जी से राजभवन में भारत के सीरिया अरब गणराज्य में नवनियुक्त राजदूत डॉ0 इरशाद अहमद ने शिष्टाचार भेंट की।

7 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में राजदूत, स्लोवाक विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव ने शिष्टाचार भेंट की।

18 अगस्त, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रसिद्ध अभिनेता व निर्देशक श्री रजनीकान्त ने शिष्टाचार भेंट की।

# फोटो गैलरी

7 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में राधा स्वामी सत्संग व्यास के प्रमुख श्री गुरविंदर सह ''बाबा जी'' ने शिष्टाचार भेंट की।

19 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में अमेरिकन एसोसिएशन आफ फिजिशियंस ऑफ इंडियन ओरिजन (ए.ए.पी.आई.) के सदस्य डॉ स्मिता जोशी, डॉ शुक्ला रावल एवं डॉ सुमुल रावल ने शिष्टाचार भेंट की।

28 अक्टूबर, 2023



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता श्री आदित्य पंचोली फिल्म निर्माता श्री राज आनंद व उनकी टीम ने शिष्टाचार भेंट की।

17 अगस्त, 2023



प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में नवनियुक्त सदस्य रेरा उत्तर प्रदेश श्रीमती डिंपल वर्मा ने शिष्टाचार भेंट की।

11 अगस्त, 2023



राज्यपाल जी से राजभवन में राज्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, श्री मनोज कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।

25 अगस्त, 2023



राज्यपाल जी से राजभवन में सदस्य, मेडिकल एसेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड नेशनल मेडिकल कमीशन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, न दिल्ली डॉ. जे0 एल0 मीना ने शिष्टाचार भेंट की।

# समाचार पत्रों में राजभवन

## राजभवन में अध्यासित परिवारों के बच्चों ने जिला कारागार का किया शैक्षिक भ्रमण

### राजभवन के बच्चों ने जिला कारागार में कैदियों को राखी बांधी





प्रखर विकास, लखनऊ। उत्तर प्रदेश ... आनंदीबेन पटेल की ... स्थित जिला कारागार का शैक्षिक भ्रमण कराया गया, जिसमें 16 ... वर्ष 14 बालकों ने भाग ... संवाद स्थापित किया। भ्रमण पर गये बच्चों ने कारागार की बैरकों तथा कैदियों के लिये बनाये जा रहे भोजन ... को भी देखा। भ्रमण के ... चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 अनिल निर्वाण, चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) डॉ0 ... यादव तथा डॉ0 प्रीति सिंह ... अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## दैनिक जागरण

## विश्वविद्यालयों में गर्भ संस्कार की शिक्षा देने की आवश्यकता : आनंदी बेन पटेल

### नैमिषारण्य के कालीपीठ में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ में पहुंचीं राज्यपाल



मालवार को नैमिषारण्य के कालीपीठ में भागवताचार्य रमेश भाई ओझा से बात करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल • जागरण

### विश्वविद्यालय की रैंकिंग देखकर अब कहां से रहे प्रवेश



कालीपीठ में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ में उद्बोधन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल • जागरण

## स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या

## बच्चों को अभिनीत पात्र के इतिहास की जानकारी भी दें: राज्यपाल

- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित हुआ स्वल्पाहार कार्यक्रम
- राज्यपाल से राजभवन में मुख्यमंत्री एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई का आदान-प्रदान किया





## हिन्दुस्तान



लखनऊ में भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल द्वारा 77 वें स्वतंत्रता दिवस स्थानीय ... आनंदीबेन पटेल ने पौधरोपण किया।

## राज्यपाल ने दिलाई पंच प्रण की शपथ

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

ध्वजारोहण के पश्चात राज्यपाल ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सम्मानित अतिथियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई और सबने विकसित भारत के निर्माण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व, राष्ट्र उत्थान, देश की एकता के प्रति तत्परता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य एवं दायित्वों का पालन, राष्ट्र रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पण की शपथ ली।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन परिसर स्थित 'नक्षत्र वाटिका' में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से चंदन के पौधों की अमृत वाटिका स्थापित की। वाटिका में राज्यपाल के साथ अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, मुख्य महाप्रबन्धक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लखनऊ मण्डल, लखनऊ शरद एस. चांडक, बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने चंदन के 25 पौधों का रोपण किया।

## राज्यपाल ने हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर बधाई दी



प्रखर विकास, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों को हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद-ए-मिलादुन नबी के अवसर पर मुबारकबाद दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने इंसान को इंसान से जोड़ने, आपसी भाईचारा, दूसरे धर्मों के प्रति सम्मान व एकता की जो तालीम दी थी, वह किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए थी। हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

## स्कूली बच्चों से मिलीं राज्यपाल



लखनऊ। काकोरी के माइलस्टोन ग्लोब स्कूल के बच्चों से मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मिलीं। कक्षा एक से छह तक के बच्चे राजभवन देखने आए थे। उन्होंने यहां बोनसाई गार्डन, पंचतंत्र वाटिका, कला कक्ष व भवन का भ्रमण किया। राज्यपाल ने बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

## राज्यपाल की अध्यक्षता में सीएसजेएमयू के शिक्षकों अधिकारीयों व कर्मचारियों की बैठक संपन्न



## भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर : आनंदीबेन





लखनऊ स्थित कुड़िया घाट, गोमती नदी से नवजात को बचाने वाले बच्चों के साथ राज्यपाल जी।




23 अगस्त, 2023 को भारत के अंतरिक्ष यान चन्द्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों एवं देशवासियों को बधाई देते हुए मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी।

मुद्रक : प्रकाश पैकेजर्स, लखनऊ